प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



अभिषेक बनर्जी क्या ममता की छाया से बाहर निकल पाएंगे? पेज- 2

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक    केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

पीतांबरा माईजी के प्राकट्योत्सव पर हुआ प्रसादी वितरण पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 121    बुधवार 22 अप्रैल 2026    डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106    पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

# युवा परेशान, किसान हताश, उद्योग तबाह और तृणमूल तुष्टीकरण में व्यस्त : योगी

(एजेंसी) पश्चिमी मेदिनीपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ममता सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बंगाल में युवा परेशान हैं, किसान हताश हैं और उद्योग–धंधे ठप हो गए हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस (तृणमूल) सरकार का ध्यान केवल तुष्टीकरण पर है। योगी ने चिलचिलाती धूप में भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते हुए कहा कि रेत, कोयला, ज़मीन और पशु माफिया बंगाल का शोषण कर रहे हैं, जबकि ष्ममता दीदी को केवल श्जय श्री रामय के नारे से परेशानी होती है।ष उन्होंने आरोप लगाया कि त्योहारों से पहले अशांति फैलती है और जुलूसों पर पत्थरबाज़ी की जाती है। उन्होंने वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति का ज़िक्र करते हुए कहा, ष्पहले श्जय श्री रामय का नारा लगाने पर लाठीचार्ज और यहाँ तक कि गोलीबारी भी होती थी, लेकिन अब भगवान राम के भक्तों का स्वागत किया जाता है।ष उन्होंने



कहा कि उत्तर प्रदेश अब ष्न कर्फ्यू, न दंगाष मॉडल पर चलता है, माफिया और गुंडागर्दी से मुक्त है, और अपराधियों के खिलाफ बुलडोज़र का इस्तेमाल किया जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने पिंगला विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार के लिए प्रचार करते हुए कहा कि पिंगला का अर्थ ष्भगवाष है, और यहाँ की मिट्टी आध्यात्मिक परंपराओं का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने बंगाल के किसानों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत ने इस ज़मीन को सोना उगलने वाला बनाया है और देश का पेट भरा है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत में पहली बार कोई आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनी है। उन्होंने कांग्रेस, तृणमूल और इंडिया गठबंधन पर आरोप लगाया कि उन्होंने 60 से ज़्यादा वर्षों तक शासन किया, लेकिन अनुसूचित जातियों और जनजातियों के उत्थान के लिए कोई काम नहीं किया। साथ ही उन्होंने डॉ. बी.आर. अंबेडकर का अपमान करने और बंगाल में राष्ट्रपति प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया और कहा कि भारत की जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी। श्री योगी ने कहा, ष्इन पार्टियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रति जैसा बर्ताव दिखाया, वैसा ही संसद सत्रों के दौरान भी देखने को मिला।ष उन्होंने आरोप लगाया कि जहाँ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2029 तक महिला आरक्षण अधिनियम लागू करना चाहते थे, वहीं इन पार्टियों ने इसे पारित होने में बाधा डाली। उन्होंने दावा किया कि महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों का अपमान करना इनकी आदत बन गई है। उन्होंने कहा कि अब लोग भ्रष्टाचार और दुराचार में डूबी सरकार को स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि बैरकपुर से उठी चिंगारी ने ही स्वतंत्रता के पहले संग्राम को प्रज्वलित किया था। इसी धरती पर राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान की रचना हुई थी। स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, गुरू रवींद्रनाथ टैगोर, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, रामकृष्ण परमहंस, लाहिड़ी महाशय, खुदीराम बोस और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी महान विभूतियों के नाम लेते हुए उन्होंने कहा कि बंगाल ने ऐतिहासिक रूप से राष्ट्र को नेतृत्व प्रदान किया है और अब इसे तृणमूल की अराजकता से मुक्त कराया जाना चाहिए।

# बिहार: नीतीश कुमार का बड़ा फैसला, श्रवण कुमार बने जदयू विधायक दल के नेता

(एजेंसी) पटना। राज्यसभा जाने के बाद बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सबसे विश्वासपात्र नेता श्रवण



कुमार को जदयू विधायक दल का नेता बनाया है। इस संबंध में बाकायदा अधिसूचना जारी की गई है, जिसमें इसकी जानकारी दी गई। नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने के बाद लोगों को इस बात का इंतजार था कि अब जेडीयू विधायक दल की कमान किसे सौंपी जाती है। नीतीश कुमार ने अब इस इंतजार पर विराम लगा दिया है। श्रवण कुमार को नीतीश कुमार का सबसे विश्वासपात्र साथी बताया जाता है। इससे पहले वह पूर्व की सरकारों में कई अहम मंत्रालयों कि जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। श्रवण कुमार ने आज से पांच दशक पहले नीतीश कुमार के साथ ही अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था। श्रवण कुमार 1995 से नालंदा से विधायक रहे हैं। वे नीतीश कुमार की तरह ही कुर्मी जाति से आते हैं। इससे पहले, सोमवार को पटना में नीतीश कुमार के आवास पर विधायक दल का नेता चुने जाने के लिए बैठक बुलाई गई थी। बैठक में सभी ने यह फैसला किया कि विधायक दल का नेता चुने जाने की जिम्मेदारी नीतीश कुमार को ही सौंप दी जाए। इसके बाद ही सभी की निगाहें इस बात पर टिकी थीं कि वो यह जिम्मेदारी किसे सौंपते हैं। श्रवण कुमार के राजनीतिक सफर की शुरुआत 1974 में जेपी आंदोलन के दौरान ही हुई थी। इस आंदोलन में नीतीश कुमार भी शामिल थे। तभी से नीतीश कुमार और श्रवण कुमार के बीच रिश्ते प्रगाढ़ हुए, जो अभी तक बरकरार हैं। श्रवण कुमार ने बिहार में जदयू को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया। खास बात यह है कि श्रवण कुमार नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा से ही आते हैं। 2005 में नीतीश कुमार के सीएम पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद श्रवण कुमार जदयू के मुख्य सचेतक भी रहे। हाल ही में श्रवण कुमार को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली है। राजनीतिक विश्लेषक का कहना है कि श्रवण कुमार को विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद जदयू को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी।

## केसी वेणुगोपाल ने ओम बिरला को लिखा पत्र, पीएम मोदी के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को विशेषाधिकार हनन (प्रिविलेज नोटिस) दिया है। अपने पत्र में वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने 18 अप्रैल 2026



को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में लोकसभा के सदस्यों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की और उनके इरादों पर सवाल उठाए। कांग्रेस का कहना है कि यह संसद की गरिमा और सांसदों के अधिकारों का उल्लंघन है। बता दें कि पीएम मोदी का यह संबोधन उस समय हुआ जब लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस का आरोप है कि इस भाषण में प्रधानमंत्री ने विपक्षी सांसदों के मतदान और उनकी मंशा को लेकर सीधे तौर पर टिप्पणियां कीं। पीएम मोदी के खिलाफ लिखे इस पत्र में कांग्रेस सांसद वेणुगोपाल ने पूरे मामले को बेहद गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है क्योंकि यह सिर्फ किसी व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि संसद और लोकतंत्र की गरिमा से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि सांसदों के अधिकारों की रक्षा और संसद की गरिमा बनाए रखना जरूरी है, ताकि भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी इस मुद्दे पर कहा कि प्रधानमंत्री का यह संबोधन पहले से तय परंपराओं के खिलाफ था और इसमें विपक्ष पर कई राजनीतिक हमले किए गए।

# कोई नहीं चाहता कि बंगाल में भाजपा बनाए सरकार, ममता का दावा फिर लौटेगी टीएमसी

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस लगातार चौथी बार राज्य की सत्ता में आएगी और कोई नहीं चाहता कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बनाए। पूर्व मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने विपक्षी दलों का आह्वान किया कि केंद्र से भाजपा नीत राजग सरकार को हटाने के लिए सब साथ में आएं। उन्होंने कहा, भाजपा इस बार पश्चिम बंगाल में चुनाव नहीं जीतेगी। तृणमूल कांग्रेस एक बार फिर सरकार बनाएगी। हम 2026 में ही दिल्ली से भी भाजपा को हटा देंगे। तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वह पिछले एक महीने से पश्चिम बंगाल का गहन दौरा कर रही हैं और इस अवधि में मैं समझ गई कि जनता क्या चाहती है, यह साफ है कि कोई भी भाजपा को नहीं चाहता। तृणमूल कांग्रेस सरकार पर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए भाजपा द्वारा जारी आरोपपत्र पर उसे आड़े हाथ लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह भी हल्दिया डॉक कॉम्प्लैक्स और उससे लगे औद्योगिक क्षेत्र में कट–मनी लेने के लिए भाजपा के खिलाफ आरोपपत्र जारी कर रही हैं। बनर्जी ने कहा, आपने तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ आरोपपत्र जारी किया, मैं भी भाजपा के खिलाफ आरोपपत्र जारी कर रही हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तृणमूल सरकार के खिलाफ एक आरोपपत्र जारी करते हुए 28 मार्च को राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का, कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का और घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।



# सपा सरकार बनी तो 300 यूनिट मुफ्त बिजली

## -महिलाओं को 40 हजार वार्षिक पेंशन : अखिलेश यादव

(एजेंसी) लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़ा चुनावी ऐलान करते हुए कहा कि वर्ष 2027 में प्रदेश में सपा की सरकार बनने पर उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी, जबकि महिलाओं को सालाना 40 हजार रुपए पेंशन के रूप में प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने सरकार पर बिजली, स्वास्थ्य और महंगाई के मुद्दों पर तीखा हमला बोला। लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय में बुंदेलखंड समेत विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और खाद की कमी से जूझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है और बिजली बिलों में अनियमित बढ़ोतरी की जा रही है। सपा मुखिया ने कहा कि स्मार्ट मीटर के जरिए बिजली की ठगी के खिलाफ जनता में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार में ठेके देने से पहले ही कंपनियों से एडवांस कमीशन लिया जाता है, जिसकी भरपाई उपभोक्ताओं से अधिक बिल वसूलकर की जाती है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि बिजली मीटर भी ईवीएम की तरह श्हेराफेरीय कर रहे हैं और जनता अब इस व्यवस्था को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि महंगी बिजली और गैस सिलेंडर ही भाजपा का सत्ता से श्कनेक्शन काट देंगेय। उन्होंने 2024 लोकसभा चुनाव के परिणाम का जिक्र करते हुए कहा कि उसी तरह 2027 विधानसभा चुनाव में भी अधिक से अधिक सीटें जीतने की रणनीति बनानी होगी। कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर भाजपा को हराने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि हर सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए ठोस रणनीति पर काम करना



होगा। उन्होंने सरकार को लोकतंत्र और संविधान विरोधी बताते हुए कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। उन्होंने दावा किया कि सपा सरकार बनने पर कानून का राज बहाल होगा और सपा सभी वर्गों को न्याय मिलेगा। उन्होंने भाजपा पर समाजवादियों को बदनाम करने का आरोप भी लगाया और कहा कि भ्रामक प्रचार के बावजूद भाजपा की कोई चालाकी नहीं चलेगी। प्रदेश की जनता भाजपा से त्रस्त हो चुकी है और बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर हैं, महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति चिंताजनक है और जनता का भरोसा भाजपा से उठ चुका है।

# अमित शाह का बड़ा वादा, बंगाल में भाजपा आई तो चुन-चुनकर बाहर करेंगे घुसपैठिए

(एजेंसी) आसनसोल। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का प्रचार करने पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री ने कुल्टी विधानसभा क्षेत्र से जनसभा को संबोधित करते हुए जनता से अपनी पार्टी के वादों को दोहराया। इसके साथ ही टीएमसी सरकार पर जुबानी हमला बोला। अमित शाह ने कहा, कुल्टी की जमीन का इस्तेमाल कभी ब्लास्ट फर्नेस के लिए किया जाता था। यहां से लोहा पूरे भारत में भेजा जाता था और दुनिया के कई देशों में निर्यात भी किया जाता था। ममता बनर्जी के कुशासन के कारण कुल्टी के वे फर्नेस बंद हो गए हैं। हम श्आयरन सिटीश का दर्जा एक बार फिर बहाल करने के लिए काम करेंगे। अवैध खनन को रोका जाएगा। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल का चुनाव बंगाल को घुसपैठिया मुक्त बनाने का चुनाव है। भाजपा सरकार बना दीजिए, बंगाल से एक–एक घुसपैठियों को निकालने का काम करेंगे। ममता के गुंडे कान खोलकर सुन लें, 23 अप्रैल को मतदान में जरा भी खलल डाला, तो 4 मई के बाद उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेंगे। ममता के गुंडों की बंगाल की जनता के सामने कोई मजाल नहीं है। ममता को बंगाल के युवाओं की चिंता नहीं है, वो अपनी जगह भतीजे को बैठाना चाहती हैं, लेकिन उनका सपना पूरा नहीं होगा। यह झूठ फैलाती हैं कि बंगाल में बाहर का मुख्यमंत्री आएगा। बंगाल का मुख्यमंत्री बंगाल में जन्मा, बंगाली बोलने वाला ही होगा। अमित शाह ने कहा, एसआईआर प्रक्रिया में ममता दीदी और उनके प्रशासन ने कुछ गोरखाओं के नाम भी काट दिए हैं। कोई बात नहीं। सीटें तो वैसे भी हमारे पास ही आ रही हैं। जैसे ही चुनाव खत्म होंगे, भारतीय जनता पार्टी धीरे–धीरे हर एक गोरखा को वापस मतदाता सूची में शामिल कर लेगी। उन्होंने कहा, चाय बागानों में स्कूल खोलना, चाय बागान श्रमिकों को उनकी जमीन का मालिकाना हक देना, आवास पट्टे उपलब्ध कराना और दो वर्षों के भीतर चाय बागान श्रमिकों की मजदूरी में 500 रुपये से अधिक की वृद्धि भारतीय जनता पार्टी द्वारा की जाएगी। उत्तरी बंगाल में हम चार नए औद्योगिक शहर स्थापित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी यह भी सुनिश्चित करेगी कि सभी सरकारी कर्मचारियों को 45 दिनों के भीतर 7वें वेतन आयोग के लाभ मिलेंगे। अगर आप भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाते हैं, तो हम यूनिफॉर्म



सिविल कोड (यूसीसी) लाएंगे। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार महिलाओं और बेरोजगारों को प्रतिमाह 3000 रुपये, गर्भवती माताओं को 21 हजार रुपये और महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 33 फीसद आरक्षण देगी। इसके साथ ही महिलाओं को मुफ्त बस सफर कराएगी। किसानों की धान की फसल की एमएसपी 3100 रुपये प्रति क्विंटल करेगी। साथ ही किसान सम्मान निधि को 6000 रुपये की जगह 9000 रुपये सालाना करेगी। उन्होंने कहा, दार्जिलिंग और उत्तरी बंगाल में हो रहे अन्याय को भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से खत्म करेगी। यह चुनाव सिर्फ हमारे दो उम्मीदवारों को विधायक बनाने के लिए नहीं है। यह चुनाव दार्जिलिंग की पहाड़ियों से लेकर गंगा सागर तक, और गंगा सागर से लेकर बंगाल की राजधानी कोलकाता तक, हमारी माताओं और बहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए है। यह चुनाव उत्तरी बंगाल पर सालों–साल से हो रहे अन्याय और उपेक्षा का जवाब है। ममता दीदी को शर्म आनी चाहिए कि एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद, साल–दर–साल संदेशखाली में घुसपैठियों ने हमारी माताओं और बहनों पर अत्याचार किए हैं। ममता दीदी के शासन में नौकरियां बेची गई हैं। हम हर साल एक लाख युवक–युवतियों को एक पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से, बिना किसी पैसे या सिफारिश के नौकरियां देंगे।

## पाकिस्तान ने नहीं दी राहत, भारतीय उड़ानों की एंट्री पर रोक कायम

(एजेंसी) इस्लामाबाद पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र में भारतीय विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को मंगलवार को एक महीने के लिए और बढ़ा दिया। पाकिस्तान ने 24 अप्रैल, 2025 से भारतीय उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद रखा है, जिससे भारतीय विमानन कंपनियों को अरबों रुपये का नुकसान हुआ है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने नोटिस टू एयरमेन (नोटम) में कहा है कि सभी भारतीय–पंजीकृत, पट्टे पर लिए गए, वाणिज्यिक और सैन्य विमानों को 24 मई, 2026 को सुबह पांच बजे तक पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। यह नोटिस पिछले नोटिस की समय सीमा 24 अप्रैल समाप्त होने से कुछ दिन पहले जारी किया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद उत्पन्न तनाव के चलते पाकिस्तान ने भारतीय विमानन कंपनियों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। भारत ने आतंकी हमले के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया था। हालांकि, पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज कर दिया और पारदर्शी जांच की मांग की। इसके जवाब में भारत ने भी पाकिस्तानी विमानन कंपनियों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया। पाकिस्तान ने भारत पर पहली बार इस तरह के प्रतिबंध लगाए। इस प्रतिबंध से भारतीय वाणिज्यिक विमानन कंपनियों को भारी नुकसान हुआ क्योंकि वे विशेष रूप से खाड़ी देशों के लिए विभिन्न भारतीय शहरों से आने–जाने वाली अपनी अधिकांश उड़ानों के संचालन के लिए पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करती थीं। हवाई क्षेत्र को पूर्व में 1999 के करगिल संघर्ष और 2019 के पुलवामा संकट के दौरान भी बंद किया गया था।

# सम्पादकीय

## यात्रा से क्या साधना चाहते हैं नीतीश बाबू?

उम्मीद की जाती है कि जब आप इस संपादकीय की पंक्तियां पढ रहे होंगे तो जनता दल यू के विधायक दल के नेता का चयन हो चुका होगा। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि वहीं इससे पूर्व बिहार के मुख्यमंत्री पद से नीतीश कुमार के इस्तीफे के एक सप्ताह बाद भी जनता दल यूनाइटेड अपने विधानमंडल दल के नेता का चुनाव नहीं कर पाई थी। माना जा रहा था कि 14 अप्रैल को भाजपा विधानमंडल दल में साथ ही जनता दल यूनाइटेड की भी बैठक होगी. उसी दिन नीतीश कुमार की जगह नए नेता का चयन होगा। हालांकि ऐसा नहीं हुआ। बहरहाल, बात अब इससे हटकर पिता–पुत्र की जोड़ी यानी नीतीश कुमा और निशांत कुमार की तो खबर है कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके बेटे निशांत दोनों बिहार का दौरा करेंगे। मालूम हो कि जनता दल यूनाइटेड की विधायक दल की बैठक में नीतीश कुमार ने कहा कि वे सिर्फ संसदीय कार्यों के लिए दिल्ली में रहेंगे। बाकी समय वे बिहार में रहेंगे। वे बिहार का दौरा करेंगे। जो काम उन्होंने शुरू किया था, वह तेजी से हो यह सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री रहते हुए वे अलग–अलग परियोजनाओं के निरीक्षण के लिए निकलते थे। यहां यह बताते चलें कि मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से ठीक एक दिन पहले भी वे सारण गए थे। वहां उन्होंने पटना–बेतिया एक्सप्रेस–वे का निरीक्षण किया था। बीते कुछ महीनों से वे अक्सर ऐसा करते थे। अब वे मुख्यमंत्री नहीं हैं, लेकिन उन्होंने फिर भी बिहार के दौरे पर निकलने का ऐलान किया है। इसके राजनीतिक मायने भी निकाले जा रहे हैं। राजधानी पटन में आयोजित हुई जनता दल यूनाइटेड विधायक दल की बैठक में नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी नजर पूरी तरह से बिहार पर रहेगी। विधायकों से क्षेत्र में रहने को कहा और यह भी कहा कि विकास के काम और भी तेजी से होंगे। ऐसा कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद छोड़ने के कारण उनके समर्थकों में नाराजगी है। जदयू के भविष्य को लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं। कई विधायकों को लग रहा है कि पहले जदयू का मुख्यमंत्री होने से उनके काम जल्दी होते थे अब उसमें देर होगी। ऐसे में नीतीश कुमार ने यह फैसला किया है। वे विकास कार्यों का जायजा लेने के साथ – साथ पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं से भी मिलेंगे। इसके साथ ही वे निशांत के लिए भी जमीन तैयार करेंगे। बिहार की राजनीति के जानकारों के अनुसार नीतीश कुमार ने यह फैसला काफी सोच समझकर लिया है। इस फैसले से नीतीश कुमार के समर्थक वर्ग में यह संदेश जाएगा कि वे बिहार में सक्रिय हैं। भाजपा–जदयू की साझा सरकार उनके मार्गदर्शन में चल रही है। ऐसे में विपक्ष के लिए जदयू के मतदाताओं में सेंधमारी का मौका नहीं मिलेगा। साथ ही इस यात्रा के जरिए नीतीश, निशांत के लिए भी जमीन तैयार करेंगे। जहां तक पिता–पुत्र की भावी यात्रा का सवाल है तो ऐसी चर्चा है कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत भी अगले महीने से अपनी यात्रा शुरू कर सकते हैं। जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उनके यात्रा की रूपरेखा तय की जाएगी। निशांत ने पार्टी में यह साफ किया है कि वे पहले बिहार को, पार्टी – संगठन को समझेंगे तभी कोई जिम्मेदारी लेंगे। इसलिए उन्होंने उप मुख्यमंत्री बनने से इनकार कर दिया है। इसलिए जनता दल यूनाइटेड उनकी यात्रा को खास बनाने की तैयारियों में जुटा हुआ है। वे पार्टी के पुराने समर्थकों के साथ युवा मतदाताओं को टारगेट करने की कोशिश करेंगे। निशांत बार –बार कह रहे हैं कि उनका लक्ष्य जदयू को और मजबूत करना है। इसलिए नीतीश और निशांत दोनों की यात्रा अहम होगी।



नफीस जाफरी

# अभिषेक बनर्जी क्या ममता की छाया से बाहर निकल पाएंगे?



गुलफिशा खान

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान कल होगा। वहीं इससे पूर्व चुनाव प्रचार अपने पूरे चरम पर था। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के नेता एक–दूसरे पर हमले का कोई भी मौका नहीं छोड़ रहे थे। इसी कड़ी में अब पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एक वादे को हास्यास्पद बताया है। ममता बनर्जी ने एक दिन पहले, इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई–पैक) के कोलकाता स्थित कर्मचारियों को नौकरी देने की बात कही थी। आई–पैक ने राज्य में 20 दिनों के लिए अपना कामकाज अस्थायी रूप से रोक दिया है और कोलकाता स्थित अपने दतर के कर्मचारियों को छोटी छुट्टी पर जाने का निर्देश दिया है। बहरहाल, वहीं इससे इतर बात मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी की तो यहां यह बताते चलें कि पश्चिम बंगाल के इस चुनाव में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच मुकाबला कड़ा है, जिसमें दोनों पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत झोंकी हुई है। भाजपा की तरफ से बंगाल के स्थानीय नेताओं के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री और प्रधानमंत्री भी प्रचार में जुटे हैं। यही नहीं भाजपा शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों का भी लगातार दौरा हो रहा है। एक तरह से भाजपा ने बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए नेताओं की फौज उतार रखी है। वहीं दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस की तरफ से ममता बनर्जी ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है और इस बार उनको साथ मिल रहा है अभिषेक बनर्जी का। गौरतलब है कि अभिषेक बनर्जी रिश्ते में ममता बनर्जी के भतीजे हैं और उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। अभिषेक की राजनीति में एंट्री 2011 के विधानसभा चुनाव में हुई थी, जब उन्हें तृणमूल कांग्रेस के यूथ विंग का अध्यक्ष बनाया गया था। फिर 2014 में डायमंड हार्बर से लोकसभा का चुनाव जीते तब वो संसद में सबसे युवा सांसद थे। 2019 और 2024 में अभिषेक फिर से डायमंड हार्बर से जीते और इस बार तो मार्जिन 7 लाख वोटों का था। बंगाल में इस विधानसभा चुनाव को ममता बनर्जी के चुनाव के साथ साथ अभिषेक बनर्जी के चुनावी मैनेजमेंट के रूप में भी देखा जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि अभिषेक बनर्जी ने ही इस बार के रणनीतिकार हैं और ममता बनर्जी के पुराने लोग बॉबी हकीम, अरूप विश्वास,




सुब्रतो बक्षी और पार्थ चटर्जी जैसे लोग पीछे रह गए और अभिषेक ने अपनी जगह बनाई। दरअसल अभिषेक बनर्जी ने 2023 में राहुल गांधी के तर्ज पर 50 दिनों की 'तृणमूल नबो ज्वार यात्रा निकाली, जिसका फायदा तृणमूल कांग्रेस को 2024 के लोकसभा चुनाव में हुआ। इसी से अभिषेक बनर्जी पर ममता बनर्जी का भरोसा और बढ़ गया। उसके बाद अभिषेक बनर्जी ने विधानसभा चुनाव को नजर में रखते हुए 'अबार जितबे बांग्ला यात्रा निकाली और इन दोनों यात्राओं के फीडबैक पर ही उम्मीदवारों का चयन किया गया। अभिषेक बनर्जी ही वो शख्स हैं जिसने ममता बनर्जी को प्रशांत किशोर और आईपैक के लोगों से मिलवाया और 2021 के चुनाव के बाद भी तृणमूल कांग्रेस आईपैक की सेवाएं लेगा यह निर्णय भी अभिषेक का ही था ऐसा यहां कहा जाता है। वहीं अभिषेक बनर्जी के बारे में कहा जाता है कि वो ममता बनर्जी से भी ज्यादा सख्त हैं और टिकट के लिए अपना पैमाना रखते हैं, जो केवल परफार्मेस है यानी स्थानीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कीजिए और आगे तरक्की पाइए। एक तृणमूल नेता ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि ममता बनर्जी तो कई इमोशनल फैसले भी कर लेती हैं, लेकिन अभिषेक केवल रिजल्ट की बात करते हैं। यदि कोई उसके सामने दांए बांए करने की कोशिश करता है तो वह बच नहीं सकता और फीड बैक के लिए आईपैक है ही। हालांकि कुछ नेता इससे चिढ़ भी हैं मगर कुछ बोल नहीं सकते। अभिषेक ने चुनाव प्रचार करने के ढंग में भी बदलाव किया। उन्होंने पहली बार बंगाल में प्रचार के लिए मंच के बजाए रैंप का इस्तेमाल किया। अपने प्रचार में हाइपर लोकल मुद्दों से लेकर अंतरराष्ट्रीय मुद्दों तक की बात करते हैं और बेहद तीखे तेवर में भाषण देते हैं।जैसे एक दिन पहले ही अभिषेक बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री को लेकर भाषण में कहा कि यदि हिम्मत है तो 4 तारीख को आधी रात के बाद बंगाल में मौजूद रहना। जिसकी अब पूरे बंगाल में खूब चर्चा हो रही है। इतना तो जरूर है कि अभिषेक बनर्जी ने अपने आप को ममता बनर्जी के उत्तराधिकारी के रूप में स्थापित कर लिया है और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे स्वीकार भी कर लिया है मगर क्या वो अभी भी ममता बनर्जी की छाया से आगे निकल पाए हैं या फिर निकल पाएंगे।

# ट्रंप की नीतियों के कारण कैसे पिछड़ा रहा है अमेरिका



फरीद वारसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में अपने ओवल ऑफिस में बर्गर मंगवाया था। गौरतलब है कि यहां यह ट्रंप ने ऐसा टिप पर कोई टैक्स नहीं पॉलिसी के एक साल पूरे होने पर किया था। अब ट्रंप ने इसे लेकर ऐसा बयान दिया है, जिसकी हर तरफ चर्चा है। अपने दतर में बर्गर मंगवाने पर ट्रंप ने कहा कि राजनीति में कुछ शर्मिंदगी भरी चीजें दिखावे के लिए करनी पड़ती हैं। विदित हो कि ट्रंप ने बीते गुरुवार को लास वेगास में आयोजित एक रैली में कहा, हम राजनीति में ये सब करते हैं. यह थोड़ा–सा शर्मिंदगी भरा है, लेकिन हम ऐसे काम करते हैं और आपको इसका फायदा भी होता हैं। ऑनलाइन डिलिवरी सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी 'डोरडैश' की ओर से शैरोन सिमंस नाम की महिला ने अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय 'ओवल ऑफिस' में 'बर्गर' और 'फ्राइज' के दो बैग पहुंचाए थे और व्हाइट हाउस ने कहा था कि 'टिप पर कोई टैक्स नहीं' नीति के कारण सिमंस ने 11,000 अमेरिकी डॉलर की बचत की थी। ट्रंप ने कहा कि प्रचार का यह कदम थोड़ा अजीब था। उन्होंने 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रचार अभियान के समय की उस घटना का भी जिक्र किया जब उन्होंने बर्गर की आपूर्ति करने वाली कंपनी में 'फ्राइज' परोसे थे और एक सुरक्षा जैकेट पहनकर अभियान के लोगो वाले कचरा ट्रक में चढ़ गए थे। उन्होंने कहा, ''वे (प्रचार टीम) मैकडॉनल्ड्स जैसे अजीबो–गरीब विचार लेकर आते हैं... जैसे कूड़ा ढोने वाले ट्रक की घटना। वहीं अब बात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उन चर्चाओं की जिसके बारे में यह कहा जा रहा है कि जब वे अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं तब से लेकर अमेरिका की न सिर्फ साख दांव पर लग गई हैं, बल्कि अमेरिका सारी दुनिया में दूसरे अन्य देशों से पिछड़ता भी जा रहा है। गौरतलब है कि अमेरिका कभी अमेरिका अपने यहां से सबसे होनहार और चतुर लोगों को देश से खदेड़ रहा है। इन पिछड़ी नीतियों की वजह से देश को आंकड़ा गिरकर 30 प्रतिशत या उससे भी कम रह गया होगा। यह गिरावट सीधे तौर पर अमेरिका की भविष्य की आर्थिक तरक्की





दुनिया भर की बेहतरीन प्रतिभाओं के लिए सपनों का देश माना जाता था, अब अपनी ही सख्त इमिग्रेशन नीतियों के कारण पिछड़ता नजर आ रहा है। सिलिकॉन वैली के मशहूर इमिग्रेशन एक्सपर्ट ने आगाह किया है कि डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल के दौरान शुरू हुई सख्त नीतियों और वीजा पाबंदियों की वजह से अमेरिका से टैलेंट और इनोवेशन बाहर निकल रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि जो अमेरिका कभी नवाचार में दुनिया का नेतृत्व करता था, वह अब खुद को पीछे धकेल रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का दावा है कि सिलिकॉन वैली की चमक फीकी पड़ने लगी है क्योंकि जिन प्रवासियों ने इसे खड़ा किया था। अब उनके लिए यहां रास्ते बंद होते जा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, सिलिकॉन वैली में प्रवासियों द्वारा शुरू किए गए स्टार्टअप्स की संख्या में भारी गिरावट आई है। एक समय था जब यहां के आधे स्टार्टअप्स बाहरी लोगों की तरफ से स्थापित किए गए थे, लेकिन पिछले एक दशक में यह आंकड़ा घटकर 40–44 प्रतिशत पर आ गया है। विशेषज्ञों को डर है कि अब यह और तकनीकी बढ़त पर सवालिया निशान लगाती है। इस स्थिति को खुद विशेषज्ञों ने अपने निजी अनुभव से महसूस किया है। उन्होंने जब सिलिकॉन वैली में एक मेडिकल डायग्नोस्टिक्स कंपनी शुरू करने की कोशिश की, तो उन्हें न तो पर्याप्त टैलेंट मिला और न ही निवेश मिल सका। निवेशक उन प्रोजेक्ट्स में पैसा लगाने से कतरा रहे थे जिनकी रिसर्च अमेरिका से बाहर हो रही थी। आखिरकार, उन्हें अपना पूरा काम भारत शिट करना पड़ा, जो अब अमेरिका की नीतियों की वजह से एक बड़े लाभार्थी के रूप में उभर रहा है। जब एक विशेषज्ञ ने अपनी कंपनी का कामकाज भारत में आईआईटी मद्रास और एम्स जैसे संस्थानों के साथ मिलकर शुरू किया, तो परिणाम चौंकाने वाले थे। विशेषज्ञों के मुताबिक, जिस काम को अमेरिका में करना नामुमकिन लग रहा था, भारतीय विशेषज्ञों ने उसे एक साल के भीतर ही कर दिखाया। उनका कहना है कि भारत के पास आज भी ऐसे वैज्ञानिक और इंजीनियर हैं जो थर्मोडायनामिक्स, प्लाज्मा फिजिक्स और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग जैसे जटिल विषयों की गहरी समझ रखते हैं, जबकि अमेरिका के स्टार्टअप ईकोसिस्टम में अब ऐसे टैलेंट की भारी कमी हो गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज अमेरिका में टैलेंट को बुलाना किसी बुरे सपने जैसा है। भ्–1ठ वीजा का बैकलॉग और प्रशासनिक रुकावटें इतनी बढ़ गई हैं कि किसी भी विदेशी एक्सपर्ट को बुलाना अब मुमकिन नहीं रह गया है। यही कारण है कि अब इनोवेशन ग्लोबल हो चुका है और अमेरिका की बंद दरवाजों की नीति उसे दुनिया से अलग–थलग कर रही है।

# आम सहमति की परवाह नहीं

अब नियम तय करने के मामले में भी मजबूत देश आम सहमति की परवाह नहीं कर रहे हैं। जो सहमत नहीं हैं, उनको छोड़कर आगे बढ़ने का नजरिया उन्होंने अपनाया है। डब्लूटीओ के ढांचे और उसकी भावना पर यह घातक प्रहार है।

विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) की 14वीं मंत्रिस्तरीय बैठक में सीमा पार डिजिटल ट्रांसमिशन पर टैक्स लगाने पर रोक को जारी रखने के लिए अमेरिका ने अपना पूरा दम लगाया। लेकिन कुछ देशों के विरोध के कारण वह सफल नहीं हुआ। तो अब उसने एलान किया है कि वह उससे सहमत देशों के साथ अलग से समझौता करेगा। ऐसे करार में शामिल होने के लिए उसने अपने व्यापार सहयोगी देशों से आगे आने को कहा है। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर ने कहा– श्सामान्य समझ से प्रेरित इस समझौते पर डब्लूटीओ सहमत नहीं हो सकता, तो अमेरिका उसके बाहर उन देशों के साथ ऐसा करार करेगा, जिनकी इसमें दिलचस्पी है।य

अमेरिका के मन–माफिक समझौते को मोटे तौर पर ब्राजील और तुर्किये ने रोका। उधर भारत ने चीन की श्विकास के लिए निवेश सुविधा करारस्य (आईएफडी) संपन्न करने की कोशिश नाकाम कर दी। पिछले हफ्ते हुई 14वीं मंत्रिस्तरीय बैठक में 166 में से 129 देशों ने चीन के प्रस्ताव का समर्थन किया। अब संकेत हैं कि चीन उन देशों के साथ लेकर इस समझौते पर आगे बढ़ेगा। ये दोनों घटनाएं डब्लूटीओ की लगातार बढ़ रही अप्रासंगिकता को जाहिर करती हैं। डब्लूटीओ की स्थापना के पीछे सोच अधिकतम सहमति से विश्व व्यापार के नियमों को तय करना और तय नियमों पर सख्ती से अमल की गारंटी करना थी।

समझौतों पर अमल सुनिश्चित कराने के लिए डब्लूटीओ के अंदर अपनी न्यायिक प्रणाली बनाई गई। मगर डॉनल्ड ट्रंप ने बतौर राष्ट्रपति अपने पहले कार्यकाल में डब्लूटीओ में न्यायाधीशों की नियुक्ति रोक कर अदालती प्रक्रिया को ठप करने की शुरुआत कर दी। उनके बाद आया जो बाइडेन प्रशासन भी उसी रास्ते पर आगे बढ़ा। जजों के अभाव में डब्लूटीओ का यह अंग फिलहाल लकवाग्रस्त पड़ा हुआ है। इसी कारण विभिन्न देश द्विपक्षीय व्यापार समझौतों का सहारा लेने पर मजबूर हुए हैं। इस बीच अब नियम तय करने के मामले में भी मजबूत देश आम सहमति बनाने की परवाह नहीं कर रहे हैं। जो सहमत नहीं हैं, उनको छोड़कर आगे बढ़ने का नजरिया उन्होंने अपनाया है। डब्लूटीओ के ढांचे और उसकी भावना पर यह घातक प्रहार है।

# चुनाव आयोग की भूमिका पर संदेह और सवालों का घेरा

राजेश पांडेय

भारतीय संविधान की धारा 326 के अनुसार लोकसभा और हर राज्य की विधानसभा के लिए चुनाव वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे। प्रत्येक व्यक्ति जो भारत का नागरिक है और 18 वर्ष की आयु का है, उसे चुनाव में वोटर के बतौर दर्ज होने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट अपने कई फैसलों में इस अधिकार का जिक्र कर चुका है। लेकिन, इस बार पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए हो रहे चुनाव में लगभग 27 लाख वोटर मतदान नहीं कर पाएंगे। यह स्थिति असाधारण है। देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव की अवधारणा पर गंभीर आघात है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत नई वोटर लिस्ट बनाने की प्रक्रिया ने कई सवाल खड़े किए हैं। सुप्रीम कोर्ट भी मतदान के संवैधानिक हक की रक्षा के लिए अब तक निर्णायक कदम नहीं उठा सका है। चुनाव आयोग ने हर साल और चुनाव पूर्व होने वाले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) की बजाय 27 अक्टूबर 2025 को बंगाल सहित 12 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर कराने की घोषणा की थी। पिछले साल बिहारमें विधानसभा चुनाव से सिर्फ पांच माह पहले एसआईआर कराने पर विवाद उठे थे। मामले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। सर्वोच्च अदालत के कहने पर आयोग ने आधार कार्ड को पहचान के दस्तावेजों में शामिल करने सहित कुछ सुधार किए थे। कोर्ट ने चुनाव से पहले एसआईआर की विवादित प्रक्रिया को रोकने की जरूरत नहीं समझी थी। बंगाल के हालात तो बेहद चिंताजनक और विवादास्पद हैं। एसआईआर की नई प्रक्रिया सामान्य लोगों के लिए कठिन है। एसएसआर में मौजूदा सूची में वोटरों के नाम जोड़े और काटे गए थे। लेकिन एसआईआर में सूचियां नए सिरे से बनी हैं। पहले पुनरीक्षण में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर–घर जाकर अपने रजिस्टर में मतदाताओं की संख्या और उनके ब्योरे की जांच करते थे। लेकिन एसआईआर के लिए अपूर्व तरीका अपनाया गया है। सभी वोटरों के लिए गणना फार्म भरने की समय सीमा एक माह तय की गई है। कुछ श्रेणी के वोटरों के लिए नागरिकता सहित कई अन्य दस्तावेज जमा करना जरूरी है। बंगाल में दूसरे राज्यों से अलग हटकर प्रक्रिया अपनाई गई है। वहां तार्किक विसंगतियों के नाम पर प्रक्रिया को पेचीदा बना दिया है। यह बदलाव संदेह और सवालों का घेरा खड़ा करता है। चुनाव आयोग का मानना है कि जो वोटर नई सूची में इस वक्त नहीं हैं, उनका या तो 2002–03 की सूचियों से संबंध साबित नहीं हुआ है या उनके मामलों में कुछ तार्किक विसंगतियां हैं। तार्किक विसंगतियों को पांच कैटेगरी में बांटा गया है, इनमें नाम की वर्तनी में अंतर, माता–पिता और वोटर की आयु के बीच अंतर, एक ही परिवार या पूर्वज से जुड़े छह से अधिक लोग जैसे बिंदु शामिल हैं। नतीजतन कुछ परिवारों के कई सदस्य तो सूची में हैं जबकि कुछ बाहर कर दिए गए हैं। बंगाल के संबंध में सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच की 13 अप्रैल को गई टिप्पणियों पर गौर करना जरूरी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत के नेतृत्व की खंडपीठ के जस्टिस जोयमाल्या बागची ने कहा कि ' जिस देश में आपका जन्म हुआ है,वहां वोटर लिस्ट में रहना और मताधिकार न केवल संवैधानिक बल्कि भावनात्मक भी है। एक लोकतांत्रिक सरकार चुनने की प्रक्रिया में आपकी हिस्सेदारी नागरिकता और राष्ट्रभक्ति की सबसे बड़ी अभिव्यक्ति है। हमें इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। जस्टिस बागची ने यह भी कहा कि मूल एसआईआर में 2002 की सूचियों में शामिल लोगों की जांच का प्रावधान नहीं था। उन्होंने कहा कि यदि किसी निर्वाचन क्षेत्र में जीत का मार्जिन 2 फीसदी है और 10 फीसदी वोटर हटाए गए हैं तो हम ऐसे मामलों की जांच करेंगे'। कोर्ट ने उन वोटरों को मतदान की अनुमति दे दी है जिन्हें ट्रिब्यूनल की हरी झंडी मिल गई है। बहरहाल, उन 27 लाख वोटरों में से अधिकतर लोगों को राहत मिलने की उम्मीद नहीं है जिनके नाम कटे हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की खबर के मुताबिक 17 अप्रैल तक बंगाल की मतदाता सूचियों में एक भी नाम नहीं जुड़ा था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एक कांग्रेस प्रत्याशी सहित दो लोगों के नाम जुड़े थे। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की प्रक्रिया में तमाम पेचीदगियों के बावजूद उसे सही ठहराया है। कोर्ट मानता है कि मूल एसआईआर में 2002 की सूचियों की जांच का प्रावधान नहीं था। फिर भी, उसे रोकने की जरूरत नहीं समझी गई है। इन सुझावों पर गौर नहीं किया गया है कि जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, वहां प्रक्रिया को चुनाव नतीजे आने तक स्थगित कर दिया जाए। सवाल है,अगर ऐसे राज्यों में कुछ माह बाद एसआईआर होती तो क्या फर्क पड़ जाता। आयोग इतनी जल्दबाजी क्यों कर रहा है? 2002 की एसआईआर 12–13 माह में पूरी हुई थी। अब इस काम को पांच माह में निपटाने की क्या जरूरत है? आयोग ने एसआईआर की समयसीमा पर जताई गई तमाम आपत्तियों को नजरअंदाज किया है। उसने अपने अंदरूनी सिस्टम से आए सुझावों की अनदेखी की है। इंडियन एक्सप्रेस में 12 अप्रैल को प्रकाशित खबर के अनुसार महाराष्ट्र के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) एस चोकलिंगम ने 25 नवंबर 2025 को आयोग को लिखे एक पत्र में कहा कि प्रक्रिया पूरी करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। वैसे, महाराष्ट्र उन 12 राज्यों में नहीं है जहां एसआईआर हुई है। आयोग ने एसआईआर पर राज्यों की राय मांगी थी। पत्र में उल्लेख है कि महाराष्ट्र में नवंबर 2001 से दिसंबर 2002 के बीच यह काम हुआ था। इसके पीछे वोटरों के नाम काटने का नहीं बल्कि सूची को संशोधित करने का आइडिया है। लिहाजा, इस उद्देश्य के लिए आवश्यक समय दिया जाना चाहिए। पत्र में वोटरों के मौजूदा डेटा का पिछली एसआईआर के डेटा से मिलान करने पर भी सवाल उठाया है। लिखा है, इस काम में ज्यादा समय लगता है और यह चुनाव आयोग की गाइडलाइन में भी शामिल नहीं है। महाराष्ट्र के सीईओ का पत्र ही चुनाव आयोग की नीयत को जांच के दायरे में लाता है। लगता है, एसआईआर का मकसद वोटर लिस्ट को साफ–सुथरा बनाने की बजाय वोटरों के नाम काटने का है। लेकिन चुनाव आयोग बेरोकटोक अपने हिसाब से काम कर रहा है। उसे अहसास है कि मौजूदा दौर में उसकी जवाबदेही तय करना बेहद मुश्किल है। चुनाव आयुक्तों के चयन का तरीका और उनके अधिकार बताते हैं कि वे अपने तरीके से काम करते रहेंगे और उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेंद्र कुमार के खिलाफ विपक्षी दलों द्वारा संसद में पेश महाभियोग प्रस्ताव का हश्र इशारा करता है कि उन्हें सत्ताधारी दल की तरफ से अभयदान मिला है। लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति ने प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी है। दोनों सदनों में चर्चा और मतदान की नौबत तक नहीं आने दी गई। अगर प्रस्ताव को आगे बढने की इजाजत मिलती तो संसद की जांच समिति बनती, रिपोर्ट आती, उस पर चर्चा होती। इससे भविष्य के लिए अच्छी मिसाल बन सकती थी। लेकिन, ऐसा नहीं होने दिया गया है। मौजूदा एसआईआर देश में लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है। हमारे राजनेता भारत के दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने पर गर्व करते नहीं थकते हैं। लेकिन, अब उसकी प्रतिष्ठा, गरिमा और पवित्रता खतरे में है। उसकी रक्षा करने वाली संवैधानिक संस्थाएं और तंत्र यह सब होते हुए देख रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

# शादी समारोह में चली गोली, युवक जख्मी

न्यूज वाणी ब्यूरो

हीमपुर दीपा, बिजनौर। गांव रावटी में शादी समारोह के दौरान हुए विवाद के बाद एक युवक को गोली मारने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर हुए विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया, जिसके बाद हमलावरों ने सौरभ नामक युवक पर गोली चला दी। गंभीर रूप से घायल सौरभ को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। हालांकि भागते समय हमलावर अपनी एक बाइक मौके पर ही छोड़ गए, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच–पड़ताल शुरू कर दी। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# वाहन जांच के दौरान 36 लीटर देशी शराब बरामद, अभियुक्त फरार



न्यूज वाणी ब्यूरो

दुर्गावती। सोमवार की संध्या करीब 20.25 बजे ग्राम कस्तरी के समीप राहरी नहर की ओर जाने वाली पक्की सड़क पर पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। यह अभियान अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध वाहन को रुकने का संकेत दिया। वाहन चालक ने पहले तो रुकने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की सक्रियता और सख्ती को देखते हुए घबरा गया। तलाशी के दौरान वाहन से कुल 36 लीटर देसी शराब बरामद की गई, जिसे अवैध रूप से ले जाया जा रहा था। हालांकि, मौके का फायदा उठाकर अभियुक्त अंधेरे का लाभ लेते हुए फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आसपास के क्षेत्रों में घेराबंदी की, लेकिन अभियुक्त का कोई सुराग नहीं मिल सका। बरामद शराब को पुलिस ने जब्त कर लिया है। इस संबंध ा आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध सख्त अभियान जारी रहेगा। आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि ऐसे अवैध ा कार्यों पर समय रहते प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# एमकेए ग्लूकोज फैक्ट्री में किया जा रहा मजदूरों का शोषण : शिव प्रकाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। शाह महोली अंतर्गत संचालित ग्लूकोज फैक्ट्री में कार्यरत मजदूरों को महीने में एक भी छुट्टी न देकर दस घंटे काम के लिए सिर्फ पांच हजार आठ सौ रुपए मासिक का मानदेय भाजपा सरकार में पूंजीपतियों द्वारा किया जा रहा ऐसा शोषण है जो गरीबों के पारिवारिक भरण पोषण के लिए श्राप जैसा है।

यह बात किसान मंच राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही है। उन्होंने कहा कि आज मजदूरों द्वारा दूरभाष पर संपर्क कर अपनी समस्या से अवगत



कराया गया और फिर सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर विरोध प्रदर्शन किया गया। श्री सिंह ने कहा कि गरीब मजदूरों के साथ मिल तंत्र द्वारा किया जा रहा शोषण बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण है। यदि शीघ्र ही इन समस्याओं का निराकरण कर महीने में चार दिन की छुट्टी और महिलाओं के लिए कार्य समय में कटौती के साथ वेतन वृद्धि दस हजार रुपए प्रति माह की मांग पर अविलंब स्वी.ति प्रदान कर गरीबों के हित में निर्णय नहीं लिया गया फिर अन्यथा की स्थिति में किसान मंच आंदोलन के लिए बाध्य होगा और इसकी समस्त जिम्मेदारी मिल प्रबंध तंत्र की होगी।

# सड़क हादसे से मचा हड़कंप, एक की मौत, कई घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुर, बिजनौर। धामपुर–नूरपुर मार्ग स्थित ग्राम नींदड़ू के पास मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ध ाामपुर में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे में मृत युवक की पहचान कैफ के रूप में हुई है। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और उनका रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है, हालांकि पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।

# केसीआरसी पहुंचे वरिष्ठ समाजसेवी, नवनियुक्त प्रधानाचार्य को दी शुभकामनाएं

## - शिक्षा जगत में नई शुरुआत, अंजनी ने संभाला प्रधानाचार्य पद

न्यूज वाणी ब्यूरो

शुकुल बाजार, अमेठी। क्षेत्र स्थित पुरातन एवं प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान केसीआरसी इंटर कॉलेज, रहमतगढ़ में नव नियुक्त प्रधानाचार्य अंजनी कुमार के नवनियुक्त प्रधानाचार्य पदभार संभालने पर वरिष्ठ समाजसेवी विद्यालय पहुंचकर उन्हें नए दायित्व के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम के दौरान पीके तिवारी ने श्री राधा–.ष्ण की सुंदर प्रतिमा भेंट कर प्रधानाचार्य अंजनी कुमार को सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की आध ारशिला है और एक सक्षम एवं दूरदर्शी प्रधानाचार्य विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने अंजनी कुमार के व्यक्तित्व



और उनके शैक्षिक अनुभव की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में विद्यालय निरंतर प्रगति करेगा।नव नियुक्त प्रधानाचार्य ने भी सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने विद्यालय को क्षेत्र के उ.ष्ट शिक्षण संस्थानों में शामिल करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार दिनेश तिवारी, अनुप तिवारी सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिकों और विद्यालय के शिक्षकों ने भी प्रधानाचार्य को शुभकामनाएं दीं। सभी ने समाजसेवी पी.के. तिवारी की इस सकारात्मक पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षा और समाज के बीच मजबूत संबंध का प्रतीक बताया। यह पल वातावरण आत्मीयता और उत्साह से परिपूर्ण रहा, जहां शिक्षा, समाजसेवा और सहयोग की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। उपस्थित गणमान्य अध्यापक तिरुपति तिवारी नीलम सिंह श्याम जी यादव लिपिक अनूप कुमार तिवारी राकेश मिश्रा सहित उपस्थित रहे।

# हर घर जल योजना को लेकर डीएम सख्त, अधिकारियों को दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला तकनीकी इकाई, जल निगम (ग्रामीण) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण सहित संबंधित विभागों



के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीमावर्ती ग्रामों में प्राथमिकता के आधार पर पाइप पेयजल टंकियों का निर्माण कर हर घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल मिशन के तहत केवल घरों तक ही नहीं, बल्कि गांव के स्कूलों, पंचायत घरों, बरात घरों और मंदिरों तक भी पानी के कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं। डीएम ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जल उपलब्धता एक बड़ी समस्या है, जहां मानक के अनुरूप जल स्रोत न होने के कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अधि ाकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी सीमावर्ती गांव पानी की टंकी और घर–घर जल आपूर्ति से वंचित न रहे। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान सड़कों की खुदाई के बाद उनकी मरम्मत भी तय मानकों और गुणवत्ता के साथ तत्काल कराई जाए, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी न हो।

# शुगर मिल प्रबंधन का क्षेत्र में निरीक्षण, गन्ना किसानों को दिए अहम सुझाव

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुर–बिजनौर। धामपुर शुगर मिल प्रबंधन द्वारा क्षेत्र में गन्ना फसल की स्थिति का जायजा लेने के लिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। उपाध्यक्ष आशीष शर्मा एवं गन्ना विकास विभागाध्यक्ष करुण अग्रवाल के नेतृत्व में टीम ने मिल गेट क्षेत्र सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर किसानों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान टीम नंगला गांव पहुंची, जहां किसान यशवंत सिंह के खेत में खड़ी गन्ने की फसल का बारीकी से अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने सीओ 0118, सीओएस 18231, 13235 एवं 16202 प्रजातियों की फसल की वृद्धि, स्वास्थ्य एवं उत्पादन क्षमता का मूल्यांकन किया। साथ ही पेडी प्रबंधन की स्थिति का भी गहन निरीक्षण किया गया और किसानों को बेहतर प्रबंधन के उपाय समझाए गए। इस दौरान खेतों में टॉप बोरर की समस्या देखी गई, जिस पर अधिकारियों ने गंभीरता जताते हुए किसानों को तत्काल प्रभावित पोगै (शूट्स) को काटने और ब्ब्द्ध की ड्रेंचिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समय रहते यह उपाय अपनाने से फसल को बड़े नुकसान से बचाया जा सकता है और उत्पादन में सुधार होगा। इसके पश्चात टीम ने चकराजमल, सराय (हरियाणा), बुआपुर और बख्शनपुर गांवों का भी भ्रमण किया। इन गांवों में भी किसानों के खेतों का निरीक्षण कर उन्हें आधुनिक .षि तकनीकों, रोग नियंत्रण और बेहतर उत्पादन के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। अधिकारियों ने



किसानों से अपील की कि वे वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर गन्ना उत्पादन बढ़ाएं और मिल से जुड़े रहें। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक (गन्ना) मनोज चौहान, जोनल अधिकारी दिनेश राजपूत सहित अन्य संबंधित अधि ाकारी भी मौजूद रहे।

# हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर, स्कूटी सवार दो युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलाजनी गांव के पास रेलवे ओवरब्रिज के नीचे हुए सड़क हादसे में स्कूटी सवार दो युवक घायल हो गए। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची



और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें सैफई पीजीआई रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, इकदिल क्षेत्र के पृथ्वीपुरा निवासी अमन पुत्र सर्वेश पाल अपने साथी अर्जुन पुत्र सुखवीर प्रसाद निवासी शांति कॉलोनी के साथ स्कूटी से जसवंतनगर जा रहे थे। जैसे ही वे मलाजनी गांव के सामने ओवरब्रिज के नीचे पहुंचे, पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे में अमन को गंभीर चोटें आईं, जबकि अर्जुन भी घायल हुआ है। बताया गया कि अमन बीकॉम की परीक्षा देने के लिए सिद्धार्थ महाविद्यालय लुधपुरा जा रहा था। घटना दोपहर करीब तीन बजे की बताई जा रही है। मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर ईएमटी सुधीप कुमार और पायलट विजय वीर ने दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक आदित्य कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सैफई पीजीआई रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

# गिहार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की सांसद के आवास पर हमले की निंदा

## - भाजपा सरकार पर किए तीखे हमले, मांगा इस्तीफा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। महिला आरक्षण बिल को लेकर फतेहपुर सांसद के कानपुर स्थित आवास में प्रदर्शन की निंदा करते हुए ओमप्रकाश गिहार, मिस्बाहुल हक व संदीप साहू एडवोकेट ने कहा की बिल तो पहले ही पास हो चुका है उसे लागू करना चाहिए, लागू न कर स्वयं कटघरे में खड़ी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए। अखिल भारतीय गिहार महासभा के राष्ट्रीय अध् यक्ष ओमप्रकाश गिहार ने महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पास न होने पर फतेहपुर सांसद नरेश उत्तम पटेल के कानपुर स्थित आवास पर भारतीय जनता पार्टी की महिलाओं द्वारा प्रदर्शन कर नारा लगाने और घर में अकेली महिला यानी सांसद की पत्नी को अपशब्द बोले जाने की कड़े शब्दों में निंदा की। कहा कि महिला हितों की बात करने वाले लोग बिलकीस बानो, हाथरस, जैसी घटनाओं को नजर अंदाज कर वेतनभोगी संविदा कर्मचारी महिलाओं व बलात्कार के मामले को लेकर कोई आन्दोलन नहीं होता। साथ रहे अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष मिस्बाहुल हक ने कहा कि आखिर संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण बिल पास हो कर भी लागू क्यों नहीं किया गया। उसे 2029 के लिए क्यों विलंबित कर दिया गया, फिर 3 दिन का विशेष संसद सत्र आयोजित कर परिसीमन बिल बिना विपक्ष की सहमति से लाया गया। 2011 की जनसंख्या पर महिला आरक्षण बिल जब वर्तमान समय में लोकसभा की संसद सदस्य संख्या में पास हुआ तो उनमें से तीन महीने पहले पास बिल का नोटिफिकेशन 16 अप्रैल को क्यों किया गया इस पर बीजेपी का रहस्य खामोश क्यों है। 2026 की जनसंख्या गणना प्रक्रिया शुरू है, जनसंख्या वृद्धि के नये आंकड़े से लिंगानुपात में बदलाव मिलेगा, जनगणना में स्वाभाविक रूप से नये सामाजिक सरोकार से जुड़े हुए पैरामीटर पर आंकड़े भी हासिल होंगे। देश के विभिन्न राज्यों के सामाजिक सांस्.तिक आर्थिक राजनीतिक बुनियाद पर आधारित तस्वीरें आयेंगी, उसके बाद कम या बढ़ी औसत महिला मतदाता प्रतिशत से लोकसभा व विधानसभा का परिसीमन



महिला आरक्षण का सुनिश्चित करना प्रासंगिक होता। केन्द्र सरकार को लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित आनुपातिक प्रतिनिधि ात्व के अनुसार नयी जनसंख्या प्रक्रिया की समाप्ति पर मिले आंकड़े से परिसीमन करने और लोकसभा–विधानसभा क्षेत्र संख्या में वृद्धि करना चाहिए। जनसंख्या प्रक्रिया में ओबीसी को शामिल नहीं करना भी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता के लिए भागीदारी के निर्णय का प्रश्न का उत्तर अभी भी साफ नहीं है, इसलिए ओबीसी महिला आरक्षण में भी सरकार की मंशा पर सवाल खड़े हैं जो वह देना नही चाहती। डोमा प्रदेश सचिव संदीप साहू एडवोकेट ने कहा कि परिसीमन करने का उदाहरण देश ने जम्मू कश्मीर और असम में जिस तरह किया गया है उससे सामाजिक सांस्.तिक और स्वतंत्रता बंधुत्व की विचारधारा को चोट लगी है वैसा ही बदलाव महिला आरक्षण बिल के नाम पर परिसीमन करने वाला बिल पास कराने का प्रयास किया गया लेकिन देश ने संविध ाान में सामूहिक सह अस्तित्व की विचारधारा पर राजनीतिक दल के साथ अन्तर आत्मा पर जो मिसाल दी है वह स्वागत योग्य कदम है कि संशोधन बिल पास नहीं हुआ। मोदी सरकार को इस्तीफा देना चाहिए।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# नवीन मंडी के गेहूं क्रय केन्द्र पहुंचे डीएम व सीडीओ

## – एडीएम के साथ किया निरीक्षण, देखी तौल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य और अपर जिलाधिकारी विशु राजा के साथ शिकोहाबाद स्थित नवीन मण्डी स्थल पर गेहू क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने क्रय केन्द्रों पर



मौजूद किसानों से बात करने के साथ–साथ कई किसानों से टेलीफोनिक वार्ता भी की। उन्होने विशेष रूप से किसान ब्रजेश सिंह से फोन पर सम्पर्क कर पूंछा उन्हे सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य मिल रहा है, या नहीं। किसान ने संतोष व्यक्त करते हुए पुष्टि की, कि उसे एम0एस0पी0 के अनुसार उचित मूल्य प्राप्त हुआ है, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि शिकोहाबाद स्थित दो खरीद केन्द्रों पर लगभग एक हजार कुंटल गेंहू की खरीद की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि किसी भी गेंहू क्रय केन्द्र पर बिचौलियों को आने की अनुमति कदापि न दी जाए, उन्होने स्पष्ट किया कि क्रय केन्द्र केवल वास्तविक किसानों के लिए है, ताकि उन्हे अपनी उपज का लाभ सीधे मिल सकें। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने स्वंय डिजीटल मशीन के माध्यम से गेंहू की माप को परखा और व्यवस्थाओ का जायजा लिया, केन्द्र पर गेंहू बेचने आए किसान सुरेश चंद्र को जिलाधिकारी द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया, जिससे अन्य किसानों का उत्साहवर्द्धान हो सके। जिलाधिकारी को जानकारी दी गयी की पूरे जनपद में गेंहू खरीद के लिए 55 केन्द्र स्थापित किए गए है, जिनमें से शिकोहाबाद स्थित नवीन मण्डी स्थल में 5 पी0सी0एफ0 के और 2 मार्केटिंग के सेन्टर क्रियाशील है, जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केन्द्रों पर पेयजल, छाया और बैठने की समुचित व्यवस्था रहें, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करने पडे इस दौरान उपजिलाधिकारी गजेन्द्र पाल सिंह आदि उपस्थित रहें।

# डीएम व सीडीओ ने वृहद गौसंरक्षण केंद्र कारीखेड़ा का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ विकास खंड अरांव स्थित 600 गौवंशों की क्षमता वाले वृहद गौ संरक्षण केंद्र ग्राम कारीखेड़ा का औचक निरीक्षण किया। यहां पर जिलाधिकारी ने गौवंशों के रखरखाव हरा चारा, भूसा एवं पेयजल की व्यवस्थाओं को बारीकी से जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने यहां की साफ–सफाई गौवंशों के स्वास्थ्य के विषय में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने केंद्र में मौजूद गौवंशों की



संख्या का भौतिक सत्यापन किया। साथ ही बढ़ती गर्मी के .ष्टिगत गौवंशों के लिए पेयजल की व्यवस्था को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि पशुओं के लिए पानी की उपलब्धता में कोई लापरवाही न बरती जाए, जिलाधिकारी ने यहां स्थापित गोबर गैस प्लांट का भी निरीक्षण किया, जिससे अपशिष्ट प्रबंधन और ऊर्जा उत्पादन की स्थिति को समझा जा सके, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि यहां पर वर्तमान में 50 नर गौवंश और 50 बच्चे हैं, इसके साथ ही 8 से 10 गौवंश दुधारू स्थिति में है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आत्म्यता दिखाते हुए बछिया को माला पहनाई और गुड़ खिलाया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को जानकारी दी गई की गौवंशों को विचरण करने हेतु संस्थान में एक बार छोड़ा जाता है, इस पर जिलाधिकारी ने असंतोष जताते हुए निर्देश दिए कि गौवंशों की बेहतर स्वास्थ्य और सुगमता के लिए उन्हें सप्ताह में केवल एक दिन न छोड़कर प्रत्येक 3 दिन के अंतराल पर बाहर छोड़ा जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि वृहद गौशाला कारीखेड़ा की व्यवस्थाओं को और अधिक उन्नत और आधुनिक बनाया जाए, जिससे यह मॉडल गौवंश केंद्र के रूप में स्थापित हो सके।

# राजकीय सम्मान से हुआ सीआरपीएफ जवान का अंतिम संस्कार

(संवाददाता) कानपुर देहात। सटटी थाना क्षेत्र के ततारपुर के मजरा हरि का पुर्वा गांव निवासी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान मुकेश कटियार का बीमारी के चलते सोमवार को निधन हो गया। मंगलवार को उनका पार्थिव शरीर गांव लाया गया। सीआरपीएफ जवानों ने राजकीय सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी। परिजन के अनुसार मुकेश कटियार रांची छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ में तैनात थे। 9 मार्च को ड्यूटी के दौरान उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया था। उनका इलाज दिल्ली के एम्स में चल रहा था। इलाज के दौरान सोमवार को उनका निधन हो गया। मंगलवार को उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा। सुबह सीआरपीएफ के जवानों ने उन्हें अंतिम सलामी देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुकेश की मौत से पत्नी रानी बेटे शिवम कटियार बेहाल हैं। सीआरपीएफ जवान के निधन से पूरे गांव में शोक की लहर है। अंतिम संस्कार के समय सपा नेता नरेंद्र पाल मनु, जगदीश पटेल सुनील पटेल, राजबाबू कटियार विश्वनाथ, जयवीर सिंह सुरेन्द्र यादव गोविंद सिंह समेत बड़ी संख्या में गांव व क्षेत्र लोग मौजूद रहे।

# 100 रुपए से अधिक पर सीमा शुल्क, नियम से सीमावर्ती क्षेत्रों में नाराजगी

## - रुपईडीहा बाजार के कारोबार पर पड़ा असर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल में हाल ही में हुए चुनाव के बाद नई सरकार के गठन से लोगों को बदलाव की उम्मीद थी, लेकिन सरकार के एक पुराने नियम को सख्ती से लागू किए जाने के निर्णय ने सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों में भारी नाराजगी पैदा कर दी है। नेपाल सरकार द्वारा सीमा पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को 100 से अधिक मूल्य के सामान पर कस्टम शुल्क वसूलने के निर्देश दिए जाने के बाद भारत–नेपाल सीमा पर रहने वाले नागरिकों और व्यापारियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। जानकारी के अनुसार नेपाल के नागरिक लंबे समय से भारतीय सीमावर्ती बाजारों, विशेषकर रूपईडीहा बाजार, से अपने दैनिक उपयोग के सामान की खरीदारी करते रहे हैं। भारतीय बाजार में वस्तुएं नेपाली बाजारों की अपेक्षा सस्ती होने के कारण बांके, बर्दिया, कंचनपुर, कैलाली, सुर्खेत, डांग, घोड़ाही, तुलसीपुर तथा सुदूर पश्चिम के पहाड़ी जिलों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए रूपईडीहा आते थे लेकिन नेपाल सरकार द्वारा लगभग 30–35 वर्ष पुराने 100 सीमा शुल्क नियम को सख्ती से लागू किए जाने के बाद अब नेपाली नागरिक भारतीय बाजारों से आवश्यक सामान भी नहीं खरीद पा रहे हैं। सीमा पर तैनात नेपाली सुरक्षा कर्मी 100 से अधिक मूल्य के सामान पर कस्टम शुल्क की मांग कर रहे हैं। इतना ही नहीं, कई मामलों में छोटे–छोटे सामान यहां तक की एक दर्जन केला भी रोक लिए जाने और जब्त किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इस निर्णय से सीमा क्षेत्र के लोगों को रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की खरीद में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इसका सीधा असर भारतीय सीमावर्ती बाजारों के कारोबार पर भी पड़ा है। रूपईडीहा सहित आसपास के बाजारों में ग्राहकों की संख्या में भारी कमी आई है, जिससे स्थानीय व्यापारी बेहद चिंतित नजर आ रहे हैं। नेपाल में भी इस नियम के खिलाफ विरोध शुरू हो गया है। सीमावर्ती जिला बांके के नवनिर्वाचित सांसद इश्तियाक राई ने नेपाल सरकार से इस पुराने नियम की समीक्षा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह नियम उस समय बनाया गया था जब 100 की क्रय शक्ति काफी अधिक थी, लेकिन वर्तमान महंगाई के दौर में इसकी प्रासंगिकता समाप्त हो चुकी है। सांसद ने तर्क दिया कि जब तीसरे देशों से हवाई मार्ग से नेपाल आने वाले यात्रियों को लाखों रुपये तक का सामान लाने की अनुमति है, तो सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को भारतीय बाजारों से 100 से अधिक का सामान लाने से रोकना उचित नहीं है। उन्होंने महंगाई के वर्तमान स्तर को ध्यान में रखते हुए इस नियम में संशोधन और सीमा शुल्क सीमा बढ़ाने की मांग की है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों का कहना है कि यदि इस नियम में जल्द संशोधन नहीं किया गया तो सीमावर्ती क्षेत्रों की आर्थिक गतिविधियों पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ेगा।

# दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों के लिए लगेंगे विशेष चिन्हांकन शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्गदर्शन में 15 अप्रैल बुधवार को 23 अप्रैल गुरुवार को विकास खण्ड कार्यालय अरांव, 25 अप्रैल शनिवार को विकास खण्ड कार्यालय जसराना, 28 अप्रैल मंगलवार को विकास खण्ड कार्यालय मक्खनपुर शिकोहाबाद, 30 अप्रैल, गुरुवार को विकास खण्ड कार्यालय फिरोजाबाद, 5 मई मंगलवार को विकास खण्ड कार्यालय एका और 7 मई गुरुवार को विकास खण्ड कार्यालय मदनपुर सिरसागंज लोक कल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया गया है। 15 अप्रैल से 7 मई 2026 तक सभी ब्लॉक में आयोजित किए जा रहे विशेष लोक कल्याणकारी शिविरों में चिकित्सा विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, प्रोबेशन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं, आयुष्मान कार्ड योजना, राशन कार्ड, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, कन्या सुमंगला योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु संचालित शादी अनुदान योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, दिव्यांगजन भरण पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन) योजना, .त्रिम अंगध् सहायक उपकरण योजनांतर्गत ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र (कान की मशीन) एवं वैशाखी हेतु आवेदन पूर्ण कराया जाना, शादी विवाह पुरस्कार प्रोत्साहन योजना, दुकान संचालक योजना, निराश्रित महिलाओं हेतु पेंशन योजना, श्रम विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाएं इत्यादि से पात्र लोगों को लाभांवित किया जाएगा। सभी शिविरों का समय प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रह जाए इसके लिए, जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी को शिविरों में मेडिकल बोर्ड और चिकित्सीय दल तैनात करने के निर्देश दिए हैं ताकि, दिव्यांजनों का परीक्षण कर मौके पर ही प्रमाण पत्र बनाया जा सके। साथ ही इस शिविर में, जिला पूर्ति अधिकारी व समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी पात्र लोगों का चिन्हांकन कर योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

# सीमा चौकियों में चार सोलर पावर संयंत्रों का हुआ उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच, नानपारा। 59 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा की सीमा चौकियों पर निर्बाध, विश्वसनीय और पर्यावरण–अनुकूल विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। टाटा पावर सोलर सिस्टम्स लिमिटेड द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत 25 केडब्ल्यूपी क्षमता के सोलर पावर संयंत्र पूर्णतः निःशुल्क स्थापित किए गए हैं।

मंगलवार को ओम प्रकाश मिश्र उप–कमाण्डेंट की अध्यक्षता में सीमा चौकी चितलहवा में ऐसे ही एक अत्याधुनिक संयंत्र का विधिवत उद्घाटन सम्पन्न हुआ। गौरतलब है कि यह समवाय दीर्घकाल से नियमित विद्युत आपूर्ति की सुविधा से वंचित थी, जिसके कारण दुर्गम परिस्थितियों में सीमा सुरक्षा में तैनात जवानों को अनेक परिचालनगत एवं व्यक्तिगत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जवानों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए, कैलाश चन्द रमोला कमाण्डेंट के दूरदर्शी नेतृत्व, सक्रिय पहल एवं अथक प्रयासों के फलस्वरूप टाटा पावर के सहयोग से इस दिशा में यह



निर्णायक कदम उठाया गया है। ये सौर ऊर्जा संयंत्र अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित हैं। इनमें उच्च दक्षता वाले सोलर पैनल, उन्नत इन्वर्टर प्रणाली तथा समस्त आवश्यक विद्युत अवसंरचना स्थापित की गई है। इन संयंत्रों की स्थापना से दिवाकालीन अवधि (दिन के समय) में पर्याप्त मात्रा में विद्युत ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप सीमा चौकियों की प्रकाश व्यवस्था, संचार तंत्र एवं अन्य आवश्यक उपकरणों का संचालन अब पूरी तरह से सुचारू हो गया है। इसके अतिरिक्त, इन संयंत्रों के सफल संचालन से डीजल जनरेटरों पर निर्भरता में भारी कमी आई है, जो आर्थिक बचत के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। सीमा चौकियों के आधुनिकीकरण और जवानों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए वाहिनी द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में इससे पूर्व श्री पंकज कुमार ठाकुर, द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा सीमा चौकी लौकही एवं सीमा चौकी 51 में, तथा अमित कुमार, उप–कमांडेंट द्वारा सीमा चौकी 42 में इसी प्रकार के सोलर पावर संयंत्रों का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया जा चुका है। सशस्त्र सीमा बल अपने जवानों के कल्याण और सीमाओं की अभेद्य सुरक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। कॉर्पोरेट जगत के सहयोग से किए गए ऐसे प्रयास बल की कार्यक्षमता को और अधिक सु.ढ़ बनाते हैं।

# एसएसबी ने मानव तस्करी का प्रयास किया विफल, संदिग्ध तस्कर गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। 42 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) रूपईडीहा ने मानव तस्करी के एक प्रयास को विफल करते हुए एक नेपाली नाबालिग लड़की को सुरक्षित रेस्क्यू किया है। इस कार्रवाई में एक संदिग्ध नेपाली युवक को भी गिरतार कर आगे की विधिक कार्रवाई के लिए नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया गया। कमांडेंट गिरीश चन्द्र पाण्डेय के मार्गदर्शन में बीओपी रुपईडीहा के जवानों ने एएचटीयू टीम के साथ संयुक्त रूप से बीआईटी चेकपोस्ट, रुपईडीहा पर नियमित चेकिंग के दौरान यह सफलता हासिल की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम को नेपाल से भारत की ओर आ रही एक 17 वर्षीय नेपाली किशोरी को एक 22 वर्षीय युवक के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में रोका गया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान दोनों ने अपने संबंध के बारे में विरोधाभासी जानकारी दी, जिससे सुरक्षा बलों को संदेह हुआ। इसके बाद एसएसबी एवं एएचटीयू टीम ने गहन पूछताछ की और किशोरी के परिजनों से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया। जांच के दौरान लड़की के पिता से संपर्क होने पर उन्होंने पुष्टि की कि उनकी पुत्री को दो दिन पूर्व एक अज्ञात युवक बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया था। साथ मौजूद युवक को उन्होंने पहचानने से इनकार कर दिया। प्राप्त तथ्यों एवं विरोधाभासी बयानों के आधार पर मामला मानव तस्करी से संबंधित पाया गया, जिसके बाद एसएसबी एवं संबंधित एजेंसियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किशोरी को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। बाद में नाबालिग लड़की को नेपाल स्थित एनजीओ शांतिपूर्ण स्थापना गृह को एएचटीयू, नेपाल पुलिस एवं अन्य संबंधित संस्थाओं की उपस्थिति में सुपुर्द कर दिया गया। वहीं पकड़े गए संदिग्ध आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# डीजल व पेट्रोल वितरण के लिए पम्पों को जारी किये निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद में डीजल एवं पेट्रोल के वितरण कार्य में आ रही कतिपय समस्याओं के सम्बन्ध में सोमवार को डीजल एवं पेट्रोल पम्प एसोसिएशन द्वारा की गई वार्ता के .ष्टित जनपद के समस्त डीजल, पेट्रोल पम्पों के प्रोप्राईटर्स, पार्टनर्स एवं प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया गया है कि पम्पों का संचालन सामान्यतः प्रातः 07:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक ही किया जायेगा। अपरिहार्य परिस्थितियों (मेडिकल इमर्जेन्सी, आपकालीन स्थिति आदि) में उक्त निर्धारित अवधि से पूर्व अथवा बाद में ईधंन देने पर सम्बन्धित अधिकारियों, पुलिस को सूचित करने के उपरान्त ही ईधंन दिया जायेगा। सभी पम्पों को निर्देशित किया गया है कि ईधंन की आपूर्ति वाहनों में ही की जाये। जरिकेन, पिपिया, डब्बा, बोतल आदि में पेट्रोल किसी भी दशा में निर्गत नहीं किया जायेगा। जरिकेन, पिपिया, डब्बा में डीजल 5–10 लीटर (निर्धारित मात्रा के डब्बे आदि में ही) किसानों की पहचान फार्मर रजिस्ट्री/किसान बही देखकर एवं पुष्टि करके ही दिया जायेगा। इस प्रकार की शिकायत प्राप्त हो रही है कि किसानों के अतिरिक्त अन्य लोंगो द्वारा डीजल, पेट्रोल जरिकेन, पिपिया, डब्बा आदि में पम्पों से ले जाकर ग्रामवासियों को अधिक मूल्य पर बेचा जा रहा है। ऐसी शिकायतों को देखते हुए पम्पों को निर्देशित किया गया है कि किसानों के अतिरिक्त किसी अन्य को अपरिहार्य स्थिति में डीजल बिना सम्बन्धित अधिकारी, पुलिस को सूचित किये बिना नहीं दिया जायेगा।

# शिक्षण कार्य की गुणवत्ता सुधार को लेकर बीईओ व शिक्षकों की हुई बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उच्च प्राथमिक विद्यालय रूपईडीहा केवलपुर के मीटिंग हॉल में मंगलवार को शिक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा ने की। बैठक में स्थानीय शिक्षकों के साथ पठन–पाठन की वर्तमान स्थिति, विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति तथा शिक्षण कार्य को और बेहतर बनाने के उपायों पर विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। इस दौरान शिक्षकों से विद्यालय में चल रहे शैक्षणिक कार्यों की जानकारी ली गई तथा बच्चों की शिक्षा को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी साझा किए गए। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने शिक्षकों को नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, विद्यार्थियों की आधारभूत शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों को अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शिक्षकों की सक्रिय भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में नोडल शिक्षक संकुल धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षकों को समन्वित प्रयासों के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिक्षक अभिराज सैनी, शैलेंद्र शर्मा, आनंद भूषण मिश्रा, आनंद श्रीवास्तव, आलिया खातून, श्वेता, फरीद अहमद, राहुल कुमार सोनी, शीबा तरन्नुम, संदीप कुमार, प्रेमा यादव, रजनी, विवेक शुक्ला, अमित कुमार, कुंज बिहारी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल महानगर द्वारा जिलाध्यक्ष रामनरेश कटारा एवं महानगर अध्यक्ष प्रशान्त माहेश्वरी के संयुक्त नेतृत्व में ऊर्जा मंत्री, उत्तर प्रदेश के नाम सिटी मजिस्ट्रेट विनोद पांडेय को स्मार्ट प्रीपेड मीटर एवं विद्युत समस्याओं को लेकर जैन मंदिर पर ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही विद्युत विभाग के चीफ भरत सिंह को भी मांग पत्र दिया गया।

ज्ञापन में स्मार्ट प्रीपेड मीटर में अनियमितताएं, बिना सूचना बिजली कटौती, बिलिंग पारदर्शिता की कमी एवं उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान न होने जैसे मुद्दे उठाए गए। संगठन ने मांग की कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था को बंद कर पुनः पोस्टपेड मीटर लागू किए जाएं तथा जनपद में शासनादेशानुसार 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इस दौरान प्रदेश महामंत्री सुनील पेंगोरिया, अध्यक्ष प्रशान्त माहेश्वरी प्रवक्ता राज प्रकाश गुप्ता सहित संचित वर्मा, गुड्डा पहलवान, आकाश माथुर, निकेश जैन, चकलेश राजपूत, सौरव अग्रवाल, जीतू परिहार, आसिफ खान, राम यादव, भरत गोयल, सुधीर बंसल सहित दर्जनों व्यापारी उपस्थित रहे। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो व्यापारी वर्ग आंदोलन करने को बाध्य होगा।

# यूटा ने बीएसए को सौंपा चार सूत्रीय ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। शिक्षकों एवं स्कूली छात्र छात्राओं की समस्याओं को लेकर यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन की जिलाध्यक्षा डॉ. जया शर्मा के दिशा निर्देशन और संगठन के जिला महामंत्री मुकेश राजपूत के नेतृत्व में यूटा के उपाध्यक्ष उमा शंकर व्यास व अन्य



शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडेय को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें, मौसम विभाग की चेतावनी व भीषण गर्मी के साथ साथ स्कूली छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य पर धूप, लू व अल्ट्रावाइलेट किरणों के कारण पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को .ष्टिगत रखते हुए विद्यालयों के संचालन का समय परिवर्तन करते हुए प्रातः 7.30 से दोपहर 12.30 बजे तक किए जाने, यूपीटीईटी की आगामी प्रस्तावित परीक्षा के .ष्टिगत आवेदन करने वाले समस्त शिक्षकों को सामूहिक अनुमति प्रदान किए जाने, जनगणना कार्य हेतु प्रगणक और सुपरवाइजर के रूप में लगाई गई शिक्षकों की ड्यूटी नियुक्त विद्यालय से अधिक दूरी पर न लगाते हुए सम्बन्धित ब्लॉकध् ग्राम पंचायत में ही लगाए जाने और जनगणना में पति पत्नी दोनों की ड्यूटी के स्थान पर सिर्फ एक की ड्यूटी लगाए जाने की मांग की है।

# इकाना स्टेडियम में आईपीएल मैच के चलते 22 अप्रैल को कई मार्गों पर रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन, पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

संवाददाता लखनऊ। को दोपहर 3:00 बजे से मैच समाप्ति तक इकाना स्टेडियम में आयोजित आईपीएल मैच के दृष्टिगत राजधानी के कई प्रमुख मार्गों पर यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। यातायात पुलिस द्वारा जारी सूचना के अनुसार बड़े वाहन, बस, कामर्शियल वाहन तथा सामान्य यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं, ताकि मैच के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित की जा सके।जारी एडवाइजरी के अनुसार कमता शहीद पथ तिराहा अयोध्या रोड से सामान्य यातायात को शहीद पथ के माध्यम से सुल्तानपुर रोड, रायबरेली रोड और कानपुर रोड की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन वाहनों को कमता तिराहा, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान चौराहा, समतामूलक चौराहा, करियप्पा चौराहा, तेलीबाग, बाराबिरवा अथवा इंदिरा नहर चौराहा होते हुए किसान पथ से अपने गंतव्य की ओर भेजा जाएगा। इसी प्रकार शहीद पथ कानपुर रोड तिराहा से भी सामान्य यातायात को सुल्तानपुर रोड, रायबरेली रोड और अयोध्या रोड की ओर जाने




पर रोक रहेगी और उन्हें वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा।सुल्तानपुर रोड, रायबरेली रोड तथा गोसाईगंज क्षेत्र से आने वाले बड़े वाहनों और बसों के लिए भी विशेष डायवर्जन लागू रहेगा। इन्हें अहिमामऊ और शहीद पथ की ओर जाने से प्रतिबंधित किया जाएगा तथा वृंदावन योजना, कबीरपुर किसान पथ और अन्य वैकल्पिक मार्गों के माध्यम से गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा। उतरेठिया अंडरपास चौराहा, लालबत्ती चौराहा और हुसड़िया अंडरपास की ओर से आने वाले वाहनों के लिए भी अलग–अलग डायवर्जन मार्ग निर्धारित किए गए हैं।यातायात पुलिस के अनुसार सुल्तानपुर रोड से आने वाले सामान्य वाहनों को अमूल तिराहा से अहिमामऊ चौराहा की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन वाहनों को अमूल तिराहा से ही डायवर्ट कर लूलू मॉल कटिंग के माध्यम से शहीद पथ पर भेजा जाएगा। वहीं कमता शहीद पथ तिराहा से अहिमामऊ चौराहे पर यू–टर्न लेकर कैण्ट, पुलिस मुख्यालय और गोमतीनगर की ओर जाने वाले वाहनों पर भी प्रतिबंध रहेगा। ऐसे वाहन मेदान्ता अस्पताल के पास से यू–टर्न लेकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।पुलिस ने बताया कि अहिमामऊ चौराहे से प्लासियो मॉल की ओर जाने वाला यातायात पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इसके स्थान पर वाहनों को एचसीएल तिराहा, संस्कृत तिराहा और ओवरहेड गोल चक्कर होते हुए वैकल्पिक मार्ग से भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त सुल्तानपुर रोड से आने–जाने वाले बड़े वाहनों और बसों को कबीरपुर तिराहा से किसान पथ के माध्यम से संचालित किया जाएगा।यातायात विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि दोपहर 2रू00 बजे से रात्रि 9रू00 बजे के बीच शहीद पथ पर वाहनों का दबाव अधिक रहने की संभावना है। ऐसे में कानपुर नगर, एक्सप्रेस–वे, बाराबिरवा और अमौसी की ओर जाने वाले वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक रूप से शहीद पथ का प्रयोग करने से बचें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें, जिससे असुविधा से बचा जा सके।इकाना स्टेडियम की पार्किंग में जाने वाले बड़े वाहनों और बसों को अहिमामऊ चौराहा होकर ही जाना होगा। यातायात दबाव से बचने के लिए दर्शकों को शहीद पथ के स्थान पर अर्जुनगंज और कैंट मार्ग का उपयोग करने की भी सलाह दी गई है। यातायात पुलिस ने बताया कि 22 अप्रैल की रात्रि में भारी और बड़े वाहनों के लिए लागू नो–एंट्री का समय निर्धारित रात्रि 11रू00 बजे से नहीं रहेगा, बल्कि मैच समाप्त होने और यातायात सामान्य होने तक प्रभावी रहेगा। आपात स्थिति में एम्बुलेंस, स्कूली वाहन, फायर सर्विस और शव वाहन को प्रतिबंधित मार्गों पर भी अनुमति दी जाएगी। किसी भी प्रकार की सहायता या जानकारी के लिए ट्रैफिक कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है।

# करंट लगने से किसान की मौत

## -गुस्साए ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन

संवाददाता कानपुर देहात। राजपुर थाना क्षेत्र में करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। यह घटना सोमवार को वैना गांव



में हुई, जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने जैनपुर पावर हाउस पर पहुंचकर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। वैना गांव निवासी अमित सविता (पुत्र मुलायम सिंह) सोमवार को खेत से भूसा ट्राली लेकर गांव पहुंचे थे। ट्राली खाली करते समय वह ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गए। उन्हें तत्काल राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से आक्रोशित दो दर्जन से अधिक ग्रामीण जैनपुर पावर हाउस पहुंचे और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अमित सविता की मौत बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हुई है। उनका कहना था कि विभाग की लापरवाही से आए दिन ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कई बार बिजली विभाग के कर्मचारी शटडाउन लेने के बावजूद काम करते समय अचानक करंट आने से अपनी जान गंवा चुके हैं या घायल हुए हैं। उनका आरोप है कि पावर हाउस के अंदर बैठे कर्मचारियों की लापरवाही के कारण ऐसी दुर्घटनाएं होती हैं, लेकिन लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती, केवल खानापूर्ति के लिए उनका तबादला कर दिया जाता है। इस कारण ग्रामीणों में जिम्मेदार अधिकारियों के प्रति गहरा आक्रोश है। राजपुर थाना अध्यक्ष सनत कुमार ने बताया कि इस संबंध में प्रार्थना पत्र मिलने पर जांच पड़ताल के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीण क्षेत्रों की कई अनुसूचित जनजातियों को मुख्यमंत्री आवास योजनाद्ग्रामीण की प्राथमिकता श्रेणी में शामिल किया गया उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

संवाददाता लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत भोटिया, जौनसारी, राजी, गोंड तथा इसकी पर्याय धुरिया, ओझा, नायक, पठारी, राजगोंड सहित अन्य कई अनुसूचित जनजातियों को उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री आवास योजनादृग्रामीण की पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी में सम्मिलित किया गया है।उप मुख्यमंत्री ने बताया कि गोंड एवं उससे संबंधित पर्याय जातियांकृधुरिया, ओझा, नायक, पठारी तथा राजगोंडकृउत्तर प्रदेश के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, मऊ, आजमगढ़, जौनपुर, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, चंदौली, कुशीनगर, भदोही तथा संतकबीरनगर जनपदों में निवासरत हैं। इसी प्रकार खरवार एवं खैरवार जातियां देवरिया, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी एवं सोनभद्र जनपदों में, पराहिया जाति सोनभद्र जनपद में, पंखा एवं पनिका जातियां सोनभद्र एवं मिर्जापुर जनपदों में, अगरिया तथा पटारी जातियां सोनभद्र जनपद में तथा भुइंया एवं भुनिया जातियां भी सोनभद्र जनपद में निवास करती हैं।केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि उनके द्वारा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान यह मामला संज्ञान में आया कि मुख्यमंत्री आवास योजनादृग्रामीण की पात्रता सूची में उपरोक्त जातियां शामिल नहीं थीं। भ्रमण के दौरान इन जातियों के कई पात्र लोगों द्वारा आवास आवंटन की मांग की गई थी।उन्होंने बताया कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए इसे संज्ञान में लिया गया तथा विस्तृत विचार–विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि इन जातियों को भी सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कराते हुए मुख्यमंत्री आवास योजनादृग्रामीण की प्राथमिकता श्रेणी में शामिल किया जाए, ताकि सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर इन वर्गों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराया जा सके।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री आवास योजनादृग्रामीण के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# सेवानिवृत कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के धरने को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने दिया समर्थन,अपनी मांगों का सौंपा ज्ञापन

## -मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट पर अस्पताल लगा रहे पलीता

संवाददाता गोरखपुर । नगर निगम स्थित रानी लक्ष्मीबाई पार्क में सेवानिवृत कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के एक दिवसीय धरने को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने अपनी पूरी कार्यकारणी के साथ पहुंचकर समर्थन दिया परिषद के अध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव ने कहा कि पेंशनर से संगठन के सभी मांगे जायज हैं कर्मचारियों पेंशनरों को पुरानी पेंशन बहाली, आठवें वेतन आयोग का लाभ, कोरोना काल में फ्रिज किए गए डेढ़ वर्ष के डीए एरियर,और रेलवे किराया में रियायत दिया जाना चाहिए। सरकार कर्मचारियों और पेंशनरों के साथ सौतेला व्यवहार अपना रही है जो कि ना कर्मचारी हित में है और ना ही राष्ट्रहित में। इसके साथ ही राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने अपनी मांगों के संबंधित ज्ञापन भी दिया। कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन में कर्मचारियों की कई महत्वपूर्ण समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस इलाज कार्ड से इलाज हेतु अधिकृत अस्पताल भी कैशलेस इलाज करने में आनाकानी कर रहे हैं, जिससे




कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को उपचार कराने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल वाले कहते हैं कि पंडित दीनदयाल कैशलेस इलाज कार्ड योजना में बजट नहीं आता है जिसके कारण हम इलाज करने में असमर्थ हैं इसलिए आप लोग नगद भुगतान करके इलाज कराये और अपने चिकित्सा प्रति पूर्ति लीजिए इसलिए मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट उनके जनपद में ही हाथी का दांत साबित हो रहा है ज्ञापन में कहा गया है कि सूचीबद्ध अस्पतालों को निर्देशित किया जाए कि वे टोटल/ उपचाराधीन कैशलेस इलाज कार्ड पर तत्काल उपचार उपलब्ध कराएं। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के भुगतान में अत्यधिक विलंब होने का मुद्दा भी उठाया गया। बताया गया कि विभागों एवं मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में परीक्षण कराने में कई महीने लग जाते हैं। मांग की गई कि कर्मचारी द्वारा बिल प्रस्तुत करने के एक माह के भीतर परीक्षण पूर्ण कर बजट हेतु भेजा जाए तथा बजट प्राप्त होने के 10 दिन के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि जनपद में नवीन स्थानांतरण के बाद कई विभागों द्वारा कर्मचारियों का वेतन भुगतान समय से नहीं किया जा रहा है। ऐसे मामलों में संबंधित विभागों को निर्देशित कर प्रथम माह से ही वेतन भुगतान सुनिश्चित कराने तथा कर्मचारियों की एनपीएस/ जीपीएफ पासबुक का ऑनलाइन अपडेट कराने की मांग की गई। इसके साथ ही विभिन्न विभागों में कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका (सर्विस बुक) मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज न होने से ऑनलाइन अवकाश लेने में हो रही परेशानी का उल्लेख किया गया। मांग की गई कि सभी कर्मचारियों का अभिलेख मानव संपदा पोर्टल पर शीघ्र अपडेट कराया जाए। कर्मचारी प्रतिनिधियों ने शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह कर्मचारी संगठनों के साथ बैठक आयोजित करने की भी मांग की, ताकि स्थानीय स्तर की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके। इस अवसर पर रूपेश श्रीवास्तव, अशोक पांडे, पंडित श्याम नारायण शुक्ल, अनूप कुमार, राजेश मिश्रा, इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव, महेंद्र मिश्रा, जयप्रकाश मिश्रा, राधेश्याम सिंह, इजहार अली, सहित सैकड़ो कर्मचारी पेंशनर उपस्थित रहे।

# बाल संरक्षण एवं वन स्टॉप सेंटर सेवाओं पर पुलिस कर्मियों का विशेष प्रशिक्षण, 39 अधिकारियों ने लिया भाग

संवाददाता लखनऊ,। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा बाल संरक्षण एवं महिलाओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला रिजर्व पुलिस लाइन स्थित संगोष्ठी सदन में "बाल संरक्षण एवं वन स्टॉप सेंटर सेवाओं" विषय पर आयोजित की गई।यह कार्यक्रम संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) अपर्णा कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) बबलू कुमार तथा पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) अमित कुमावत के प्रभावी मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला का संचालन सहायक पुलिस आयुक्त (महिला अपराध/ट्रेनिंग सेल) सौम्या पाण्डेय के पर्यवेक्षण में किया गया।प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अपराध से पीड़ित बालकों एवं महिलाओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के संबंध में पुलिस कर्मियों को जागरूक और दक्ष बनाना था। इसके माध्यम से पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करते हुए पीड़ितों को त्वरित, प्रभावी और संवेदनशील सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करने पर जोर दिया गया।कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थाना क्षेत्रों से नामित 39 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। प्रशिक्षण सत्र विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा संचालित किए गए, जिनमें व्यवहारिक एवं तकनीकी दोनों पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।प्रशिक्षण सत्र में बाल संरक्षण अधिकारी सूर्यकांत चौरसिया द्वारा किशोर न्याय (जेजे) एक्ट के विभिन्न प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बाल कल्याण पुलिस अधिकारी (सीडब्ल्यूपीओ) के कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों पर विशेष प्रकाश डाला तथा बाल अपचारी के प्रति अपनाई जाने वाली विधिक प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। साथ ही चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की भूमिका, कार्यप्रणाली और बाल संरक्षण में उसकी महत्वपूर्ण भागीदारी के बारे में भी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया।प्रशिक्षण के दौरान सोशल बैकग्राउंड रिपोर्ट की आवश्यकता, उसके निर्माण एवं उपयोगिता पर भी विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि अपराध से पीड़ित बालकों को पुलिस, बाल संरक्षण इकाइयों तथा अन्य विभागों के समन्वय से आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके साथ ही वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को चिकित्सा, कानूनी, मनोवैज्ञानिक सहायता तथा अस्थायी आश्रय जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई।कार्यशाला में विभिन्न केस स्टडी और उदाहरणों के माध्यम से यह बताया गया कि समन्वित प्रयासों से पीड़ितों को बेहतर सहायता प्रदान की जा सकती है। प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करने के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही यह भी बल दिया गया कि संवेदनशील मामलों में पुलिसकर्मी सहानुभूतिपूर्ण और जिम्मेदार व्यवहार अपनाएं, जिससे पीड़ितों को विश्वास और सुरक्षा का अनुभव हो सके।पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि पुलिसिंग व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, प्रभावी और जनोन्मुख बनाया जा सके। अधिकारियों के अनुसार यह प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी तथा इससे पीड़ितों को त्वरित और समुचित सहायता उपलब्ध कराने के साथ न्याय प्रक्रिया को भी अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायता मिलेगी।

# तेज़ रफ़्तार रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रक की टक्कर से पिकअप के उड़े परखच्चे

## चालक गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर

संवाददाता राठ (हमीरपुर)। राठ कस्बा क्षेत्र के ग्राम शैदपुर स्थित तुलसी फैक्ट्री के सामने मंगलवार सुबह करीब 9 बजे तेज रफ्तार और रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रक ने केमिकल से भरे ड्रमों से लदी पिकअप (लोडर) में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और उसमें लदे केमिकल के ड्रम फटने से रसायन सड़क पर फैल गया, जिससे



मौके पर अफरा–तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद पिकअप चालक वाहन में बुरी तरह फंस गया, जिसे राहगीरों और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। स्थानीय लोगों ने बताया कि एम्बुलेंस के देरी से पहुंचने पर नाराजगी भी देखने को मिली। सूचना मिलते ही थाना राठ पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) राठ भेजा गया। इस सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक दीप चंद्र पुत्र अमृत सिंह निवासी सुनेरी नगर, थाना कोतवाली जनपद एटा तथा पिकअप चालक अमन निवासी कोसी, जनपद मथुरा घायल हुए। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद पिकअप चालक अमन की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया है, जबकि ट्रक चालक का उपचार जारी है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं क्षेत्र में रॉन्ग साइड से वाहनों के संचालन के चलते इस प्रकार की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं । फिलहाल मौके पर स्थिति सामान्य है और यातायात सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है।

# एसएसपी ने सुनी जनता की फरियाद, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



संवाददाता गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को एसएसपी के समक्ष रखा। घ्एसएसपी ने एक–एक कर सभी आगंतुकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। जनता की शिकायतों पर संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्होंने मौके पर मौजूद एवं संबंधित थाना प्रभारियों व अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और त्वरित गति से होना चाहिए ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। इस दौरान पुलिस कार्यालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में मुख्य रूप से भूमि विवाद, आपसी रंजिश और पुलिस कार्रवाई से जुड़े मामलों पर चर्चा हुई। एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# फर्जी प्लॉट के दस्तावेज तैयार कर लाखों की धोखाधड़ी करने वाला शातिर गिरफ्तार, कई बैंक कार्ड व दस्तावेज बरामद

संवाददाता लखनऊ। राजधानी के थाना पीजीआई पुलिस ने प्लॉट के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने और रुपये हड़पने वाले एक शातिर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक मोबाइल फोन, दो पैन कार्ड, तीन डेबिट कार्ड, एक आधार कार्ड तथा एक ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया है।पुलिस के अनुसार 9 जनवरी 2025 को उन्नाव जनपद के बेहटा नथई सिंह, कोरारी कलां निवासी गायत्री देवी द्वारा थाना पीजीआई में लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया गया था कि गौरव अवस्थी और अन्य व्यक्तियों ने मिलकर उन्हें प्लॉट बेचने के नाम पर रुपये हड़प लिए और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी की। इस मामले में थाना पीजीआई पर मुकदमा संख्या 14/2025 धारा 316(2), 338, 336(3), 340(2), 61(2) एवं 351(3) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था।मामले की विवेचना के दौरान थाना पीजीआई पुलिस टीम वांछित अभियुक्त की तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में पुलिस टीम तेलीबाग क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि मुकदमे से संबंधित वांछित अभियुक्त यूनियन बैंक, थाना विभूतिखंड क्षेत्र के पास मौजूद है। सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की और एक व्यक्ति को पकड़ लिया।पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम सर्वेश कुमार पाण्डेय पुत्र ध्यानचन्द्र पाण्डेय, उम्र करीब 36 वर्ष, निवासी रतनखण्ड शारदानगर थाना आशियाना, लखनऊ बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से दो पैन कार्ड, एक आधार कार्ड और एक पुराना मोबाइल फोन बरामद हुआ। इसके अलावा विभिन्न बैंकों के तीन डेबिट कार्ड तथा एक ड्राइविंग लाइसेंस भी उसके कब्जे से बरामद किए गए।पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करता है और अवैध तरीके से धन अर्जित कर अपने शौक पूरे करने के उद्देश्य से इस प्रकार के अपराध करता था। पुलिस ने अभियुक्त को नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस अभिलेखों के अनुसार अभियुक्त सर्वेश पाण्डेय का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके विरुद्ध थाना आशियाना, थाना सरोजनीनगर तथा जनपद सोनभद्र के थाना करमा में हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र और अन्य धाराओं में पूर्व में भी मुकदमे दर्ज हैं।इस गिरफ्तारी अभियान में उपनिरीक्षक दिनकर वर्मा, उपनिरीक्षक नितिन सिंह तथा हेड कांस्टेबल आकाश कुमार गुप्ता की पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

# अरुण सिंह मुन्ना राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन

संवाददाता प्रयागराज। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री अरुण कुमार सिंह मुन्ना का अंतिम संस्कार मंगलवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ रसूलाबाद घाट पर सैकड़ो कांग्रेसियों और समर्थकों के मौजूदगी में संपन्न हुआ। बादशाहपुर से शवयात्रा ज्यों ही रसूलाबाद घाट पहुंची वहां मौजूद भारी संख्या में कांग्रेसजनों ने मुन्ना भैया अमर रहे के नारे लगाए। अपराहन 1रू30 बजे दिवंगत नेता के ज्येष्ठ पुत्र अभिषेक सिंह आशु ने पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। इसके पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी की ओर से पुष्पगुच्छ अर्पित किया गया। तिवारी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते कहा कि वे अपनी लोकप्रियता और निर्भीकता के लिए जाने जाते थे। 82 वर्षीय मुन्ना का निधन जॉर्ज टाउन स्थित निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान हृदय घात से हो गया था। शहर कांग्रेस अध्यक्ष फुज़ैल हाशमी, पूर्व विधायक द्वय अनुग्रह नारायण सिंह एवं विजय प्रकाश, पूर्व महापौर चौ. जितेंद्र नाथ सिंह, सुधाकर तिवारी, किशोर वार्ष्णेय, हरिकेश त्रिपाठी,मुकुंद तिवारी, श्याम कृष्ण पांडेय, संजय तिवारी अफ़रोज़ अहमद, मानस शुक्ला ,प्रवक्ता शाहनवाज़ क़ुरैशी, अनिल पांडेय, परवेज़ सिद्दीकी, अनूप त्रिपाठी, अहमदुल्ला आदि मौजूद थे।

# नवागंतुक डीएम अमित आसेरी ने ग्रहण किया कार्यभार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। नवागंतुक जिलाधिकारी ने कार्यभार ग्रहण किया, कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण। नवागंतुक जिलाधिकारी अमित आसेरी जो 2016 बैच के आईएएस अधिकारी हैं उन्होंने आज कोषागार पहुंचकर विधिवत चार्ज, कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व वह विशेष सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश



शासन, लखनऊ के पद पर कार्यरत रहे हैं। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया तथा उपस्थित कर्मचारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाएगा तथा जनपद के समग्र विकास के लिए सभी अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें।

# डबल इंजन सरकार की नीतियों से महकी रसोई, 1.73 लाख बीपीएल परिवारों के जीवन में आया उजाला

## - मोदी-योगी सरकार की उज्ज्वला योजना ने बुंदेलखंड की माताओं-बहनों को दी चूल्हे के धुएं से मुक्ति

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बुंदेलखंड के विकास को समर्पित केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार के संयुक्त प्रयासों ने बांदा जिले के गरीब परिवारों की तस्वीर बदल दी है। डबल इंजन सरकार की लोक–कल्याणकारी नीतियों के चलते जनपद के 173650 बीपीएल परिवारों के घरों में खुशहाली पहुंची है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत बांदा में हुए रिकॉर्ड तोड़ गैस वितरण ने न केवल महिलाओं को चूल्हे के जानलेवा धुएँ से आजादी दी है बल्कि उनके स्वास्थ्य और सम्मान की भी रक्षा की है। धुएं से मिली मुक्ति, सेहत में हुआ सुधार दशकों से माताएं और बहनें लकड़ी और उपलों के चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर थीं। जिससे निकलने वाला धुआं उनके फेफड़ों को नुकसान पहुंचा रहा था। लेकिन मोदी–योगी सरकार



ने इस पीड़ा को समझा और घर–घर स्वच्छ ईंधन पहुंचाने का संकल्प लिया। जिसके चलते आज बांदा के कोने–कोने में दूर दराज के गांवों से लेकर मजरो तक गैस सिलेंडर की पहुंच सुनिश्चित की गई है। वहीं योजना का सीधा लाभ मिलने से पात्र परिवारों में हर्ष का माहौल है। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार बांदा जनपद में उज्ज्वला योजना के क्रियान्वयन में तेजी दिखाते हुए लक्षित 1.73 लाख से अधिक परिवारों को इस सुविधा से जोड़ा गया है। सरकार की मंशा के अनुरूप बिना किसी बिचौलिए के सीधा लाभ और निःशुल्क कनेक्शन पात्रों तक पहुंचाए गए हैं। यह उपलब्धि डबल इंजन सरकार के अंत्योदय के संकल्प को चरितार्थ करती है। डबल इंजन सरकार ने गरीबों के कल्याण का वादा किया पूरा यह केवल एक गैस कनेक्शन नहीं बल्कि गरीब परिवारों के सशक्तिकरण का जरिया है। समय की बचत और बेहतर स्वास्थ्य के साथ अब ये परिवार विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। डबल इंजन सरकार ने साबित कर दिया है कि उनके लिए गरीबों की सेवा ही सर्वोपरि है। स्वच्छ ईंधन की इस क्रांति ने बांदा के ग्रामीण अंचलों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है।

# तमंचा कारतूस के साथ गिरवां पुलिस ने शातिर को दबोचा

## - तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना गिरवां पुलिस द्वारा शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचे के साथ गिरतार कर लिया




गया है। गौरतलब हो कि देर शाम थाना गिरवां पुलिस को गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम गिरवां से एक शातिर अभियुक्त को एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरतार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना गिरवां पर अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्त को सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया। पकड़े गए अभियुक्त अमित पुत्र शिवकरन निवासी ग्राम गिरवां थाना गिरवां के विरुद्ध मु0अ0सं0–130/26 धारा 9/25 आर्म्स एक्ट थाना गिरवां में अभियोग पंजी.त किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 शिवरतन गुप्ता कां0 देवेन्द्र कुमार बिन्द शामिल रहे।

# नाबालिग से कुकर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

## – 12 हजार रुपये का लगा अर्थदण्ड

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में वर्ष–2021 में थाना मटौंध क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग से कुकर्म के अभियुक्त को न्यायालय द्वारा 20 वर्ष की सजा दिलाई गई।

गौरतलब हो कि थाना मटौंध क्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति ने 08 जनवरी 2021 को थाना मटौंध पर सूचना दी कि 06 जनवरी 2021 को जगना पुत्र चुनवाद ने उसके नाबालिग बेटे के साथ कुकर्म किया है। जिसके संबंध में थाना मटौंध पर धारा 377/506 भादवि व 4 पॉक्सो एक्ट का अभियोग पंजी.त किया गया था जिसकी विवेचना निरी0 रामनारायन मिश्रा द्वारा सम्पादित की गयी। विवेचना के क्रम में विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुए आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। लोक अभियोजक शिवपूजन सिंह द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी जितेन्द्र कुमार तथा पैरोकार मुख्य आरक्षी रामकुमार के अथक प्रयासों से अभियुक्त को न्यायालय स्पे0 पॉक्सो एक्ट द्वारा 20 वर्ष के कठोर कारावास व 12 हजार रुपये के अर्थदण्ड से अभियुक्त जगना उर्फ जगन्नाथ पुत्र चुनवाद निवासी घुरहा थोक कस्बा व थाना मटौंध को दण्डित कराया गया।

# जिले को बनाएंगे बाल विवाह मुक्त, हर गांव मजरों पर रहेगी नजर : श्रवण

## - अक्षय तृतीया पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व बाल विवाहों की रोकथाम के लिए काम कर रहे संगठन ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान ने अक्षय तृतीया के अवसर जागरूकता अभियान चला रहा है और जिले में हजारों लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। जिसमें लोगों को बाल विवाह होने पर पुलिस को 112 न. या चाइल्ड हेल्पलाइन




पर 13 अप्रैल से 20 अप्रैल तक बाल विवाहों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया व सतर्कता दिवस मनाया। इसमें बाल विवाह निषेध अधिकारी (सीएमपीओ) व आशा यूनिटों ने भी सहयोग दिया और जिले में बाल विवाह की रोकथाम का संकल्प दोहराया। ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान व जिला प्रशासन, पंचायतों, स्कूलों और धर्मगुरुओं के साथ मिलकर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए स्कूलों पंचायतों और गाँवों में बाल विवाह के खिलाफ 1098 पर सूचित करने को लेकर बताया गया। संगठन खास तौर से बाल विवाह के लिहाज से संवेदनशील अक्षय तृतीया जैसे मौकों पर प्रशासन व सरकार के सहयोग से इसकी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाता रहा है। ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। जिले में अब तक बाल विवाह के खिलाफ अभियान की सफलता पर संतोष जाहिर करते हुए ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान के सचिव श्रवण कुमार ने कहा कि अक्षय तृतीया के शुभ दिन की आड़ में बाल विवाह जैसे अपराध को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता प्रशासन व नागरिक समाज संगठनों की सतर्कता से अब अक्षय तृतीया के दिन होने वाले बाल विवाहों की संख्या में खासी कमी आई है लेकिन हमें इसे पूरी तरह रोकने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चंद वर्षों पहले तक लोगों को यह भी नहीं पता था कि नाबालिग बच्चों की शादी बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुमार्ना या दोनों हो सकता है। इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज सज्जा करने वाले डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले, मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें भी सजा व जुमार्ना हो सकता है लेकिन जमीन पर हमारे गहन जागरूकता अभियानों से जागरूकता बढ़ी है और हालात बदले हैं। अब लोग बाल विवाहों की सूचना दे रहे हैं और प्रशासन तुरंत इसकी रोकथाम के लिए कार्रवाई कर रहा है। यह एक उल्लेखनीय बदलाव है और हमें विश्वास है कि हम 2030 से पहले ही जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन 250 से भी ज्यादा सहयोगियों के साथ बाल विवाह की ऊंची दर वाले देश के 450 से भी ज्यादा जिलों में इस अपराध के खिलाफ अभियान चला रहा है। इस नेटवर्क ने अब तक पांच लाख से ज्यादा बाल विवाह रोके हैं। इस अभियान में विनोद कुमार, सूरज भान, संतोष कुमार व समाजसेवी राम करन आदर्शी रहे।

# होमगार्ड एनरोलमेंट परीक्षा को लेकर एसपी ने की बैठक

## – पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनपद में होने वाली आगामी होमगार्ड एनरोलमेंट–2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराए जाने के .ष्टिगत पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा



महर्षि बामदेव सभागार में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की गई।

बैठक में परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, कानून–व्यवस्था बनाए रखने, परीक्षा केंद्रों की संवेदनशीलता के आकलन, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, अभ्यर्थियों के सुगम आवागमन व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा केंद्रों के आसपास सतर्क निगरानी रखी जाए। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी अपने–अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं सतर्कता के साथ करें, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन के सभी संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# बुंदेलखण्ड में पहुंचा हर घर में नल जल

## – जल जीवन मिशन के मूल्यांकन में दिखे सुखद परिणाम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनपद के 15 गांवों में जल जीवन मिशन के हर घर नल, हर घर जल योजना के व्यापक प्रभावों का मूल्यांकन आई0आई0टी0 मद्रास, चेन्नई के समाज कार्य विभाग की टीम ने स्थलीय सर्वेक्षण कर जाना। जिसमें पाया गया कि इस योजना से ग्रामीणों, विषेकर महिलाओं और बच्चों के जीवन स्तर में क्रांतिकारी बदलाव आया है। डॉ0 गजल श्रीवास्तव और डॉ0 त्रिलोक बलोदी के नेतृत्व में किए गए इस अध्ययन में सामने आया कि घर–घर नल पहुंचने से महिलाओं को पानी लाने की मषक्कत से मुक्ति मिली है। अव वे यह समय बच्चों की षिक्षा और घरेलू कार्यों में लगा पा रही हैं। स्कूलों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से बच्चों के स्वास्थ्य और स्वच्छता व्यवहार में भी सकारात्मक परिवर्तन दर्ज किया गया है। अध्ययन के दौरान अदरी, लसड़ा, डांडामउ, दोहतरा, सहूरपुर, माटा, जसईपुर, जौरही, ददरिया, बांधापुरवा, मथनाखेड़ा, थरथुवा, अछाह, अनवन व मियांबरौली गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने वाले शिरोपरि जलाषयों (जल टंकियों) का संचालन नियमित पाया गया। 05 सदस्यीय महिला एफ0टी0के0 टीम द्वारा पानी की गुणवत्ता की जांच और क्लोरिनेषन की व्यवस्था भी सक्रिय मिली। ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समितियों यटैंब्द्ध की जागरूकता के कारण ग्रामीण अब योजना के संचालन में बढ़–चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। ग्राम में लोगों को नए कनेक्षन तथा किसी भी प्रकार की पेयजल सम्बन्धी शिकायतों के निस्तारण हेतु शिकायत रजिस्टर तथा सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर, पम्प ऑपरेटर तथा कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों के नाम व मोबाइल नंबर जलकल परिसर व पंचायत भवन में अंकित पाये गए। साथ ही अध्ययन/सर्वेक्षण के दौरान कार्यकारी संस्था मैसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा अवगत कराया गया कि संस्था द्वारा 10 वर्ष तक योजना के परिचालन और रख–रखाव में आने वाली चुनौतियों का तत्काल समाधान किया जा रहा है। वहीं अधिशासी अभियन्ता विमल कुमार वर्मा और जूनियर इंजीनियर रमेश गुप्ता के द्वारा विभिन्न ग्रामों में लोगों का पेयजल का उपयोग टोटी के माध्यम से पेयजल व घरेलू कार्यों में ही किए जाने की जानकारी समस्त ग्रामों में बैठक/निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान के माध्यम से दी जा रही है।




# गौसम्मान आहवान अभियान के तहतयात्रा के साथ 27 को सौंपेंगे ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के तत्वावधान में लगातार ही जिले भर में भ्रमण कर निरंतर कार्यक्रमो का शिलशिला जारी है, इसी कड़ी में मंगलवार को बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत पहाड़ी महादेव मंदिर के समीप प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस मौके पर गौ रक्षा समिति के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति सहित गौ रक्षा समिति के तमाम पदाधिकारी लोग एवं पत्रकार लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति ने सभी पदाधिकारियों को इस कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी साथ ही सभी को जिम्मेदारियां भी सौंपी साथ ही आगामी 27 अप्रैल को होने वाले भव्य आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार कर कार्यक्रम में हिस्सेदारी निभाने और सहयोग करने की अपेक्षा की। महेश प्रजापति ने कहा कि वर्तमान में गौवंशों की हालत काफी दयनीय है और जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण उनकी ऐसी स्थिति बनी हुई है जोकि बहुत ही चिंता का विषय है इसलिए हम सब मिलकर गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर यह अभियान चला रहे हैं साथ ही ज्ञापन के माध्यम से भी प्रत्येक तहसील, जिला स्तर से ज्ञापन सौंपा जाना है जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोग हिस्सेदारी निभाएंगे। इस दौरान पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया जिसमें शत्रुघ्न सिंह कमासिन ब्लाक अध्यक्ष, प्रभंजन कुमार जिला मंत्री जिला प्रवक्ता राधेश्याम गुप्ता बबेरू ब्लाक अध्यक्ष सौरभ सिंह जिला प्रचार मंत्री रजनीश प्रजापति सहित कई पदाधिकारियों का सम्मान अंगवस्त्र पहनाकर एवं शील्ड प्रदान कर किया गया। इस मौके सहित तमाम पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।




# सीएमओ ने सेंट जैवियर स्कूल में टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। टीडी/डीपीटी के स्कूल आधारित टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ सेंट जैवियर स्कूल शुकुलकुआं में डा० विजेन्द्र सिंह मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा किया गया। यह अभियान 20, 21, 23, 24, 27, 28 एवं 30 अप्रैल को चलाया जाना है। अभियान के दौरान सभी स्कूलों, विद्यालयों, मदरसों में डी०पी०टी०–2 बूस्टर 5–6 वर्ष आयु के बच्चें (संभावित कक्षा 1), टी०डी०–10 10 वर्ष आयु के बच्चें (संभावित कक्षा–4 एवं 5) तथा टी0डी0–16 16 वर्ष आयु के बच्चें (संभावित कक्षा 10 एवं 11) का टीकाकरण किया जाना है। बच्चों को डी०पी०टी०, टी०डी० वैक्सीन के माध्यम से कालीखांसी, गलघोंटू व टिटनेस बीमारी से बचाव हेतु यह टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर डा० अजय कुमार अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डा० विजय शंकर केसरवानी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा० जय नारायण सिंह, एस०एम०ओ० डब्लू०एच०ओ०, नवल किशोर चौधरी व मीरा चौधरी डायरेक्टर सेंट जैवियर स्कूल, रीना सिंह प्रधानाचार्या सेंट जैवियर स्कूल, रूपम सिंह व तवस्सुम खान क्वार्डिनेटर सेंट जैवियर स्कूल, प्रेमचन्द्र पाल यू०एच०सी० एन०यू०एच०एम०, सारिका राय ए०एन०एम० एवं स्कूल के अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने ब्लाक अध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक

## – बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने पर दिया जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देशन पर संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने अपने ब्लॉक अध्यक्षों के साथ बूथ स्तर पर कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाए जाने के लिए संगठनात्मक समीक्षा बैठक में काली देवी मंदिर के पास स्थित कांग्रेस कैम्प कार्यालय में जिला महासचिव कालीचरण निगम, तिंदवारी ब्लॉक अध्यक्ष भागवत प्रसाद द्विवेदी, जसपुरा ब्लॉक अध्यक्ष अशोक सिंह चौहान एडवोकेट, बबेरू ब्लॉक अध्यक्ष उमाशंकर अग्रहरी (राजन साहिल), कमासिन ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रराज वर्मा, बिसंडा ब्लॉक अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, बड़ोखर ब्लॉक अध्यक्ष जयकरन राजपूत, महुआ ब्लॉक अध्यक्ष शक्तिप्रताप सिंह, बब्लू द्विवेदी दोहतरा से संगठन की मजबूती के लिए विस्तृत चर्चा कर बूथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि पूरे जनपद में कांग्रेस संगठन कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियो की बदौलत गाँव–गाँव में खड़ा हो गया है, जनमानस में कांग्रेस पार्टी के प्रति काफी अच्छा रुझान भी है, उन्होंने आगे कहा कि अति शीघ्र बांदा जिले के अंदर गाँव–गाँव में वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान चलाया जाएगा, क्योंकि वर्तमान में उत्तर प्रदेश एवं केंद्र की भाजपा सरकार वोट चोरी करके सत्ता पर काबिज हो गई है।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को सुरक्षा व साइबर जागरूकता का संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना पछायगांव पुलिस द्वारा महात्मा गांधी सैनिक इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के



प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112, 102, 108, 1090, 1098, 181, 1076 एवं 1930 के बारे में जानकारी देते हुए उनके उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान सतर्कता बरतने की अपील भी की गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा और जनजागरूकता के लिए इस तरह के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं।

# माटीकला रोजगार योजना में 10 लाख तक ऋण का अवसर

### – 30 जून तक आवेदन, ग्रामीण युवाओं को मिलेगा लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी बाल गोबिंद तिवारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए लक्ष्य प्राप्त हो गए हैं। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के प्रजापति समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। योजना के अंतर्गत 18 से 50 वर्ष तक के लाभार्थियों को अधिकतम 10 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाएगा। परियोजना लागत का 5 प्रतिशत स्वयं का अंशदान अनिवार्य होगा, जबकि टर्म लोन पर पुरुष और महिलाओं को 25 प्रतिशत तक अनुदान (सब्सिडी) प्रदान की जाएगी। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है, जिसकी अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदक अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बाद आवश्यक दस्तावेजों.आधार कार्ड, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र, ग्राम प्रधान द्वारा जनसंख्या प्रमाण पत्र, फोटो एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट. की स्वप्रमाणित हार्ड कॉपी एक सप्ताह के भीतर जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 24ए एस.डी. फील्ड, जिला उद्योग केंद्र के पीछे इटावा में जमा करना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष 9580503183 पर संपर्क किया जा सकता है या विभाग की वेबसाइट पर जाकर आवेदन किया जा सकता है।

# मश्डिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हर्शन पर कार्रवाई के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि परिवहन आयुक्त के निर्देश पर उपसंभागीय परिवहन कार्यालय में 18 अप्रैल 2026 को डीलरों, मोटर गैराज व वर्कशॉप संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्हें मोटरयान अधिनियम, 1988 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर की बिक्री व स्थापना पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बताया गया कि ऐसे उपकरण लगाने या बेचने वाले गैराज संचालकों पर धारा 182ए (3) के तहत प्रति मामले एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। वहीं, वाहन में अनाधि.त परिवर्तन कराने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ धारा 182ए (4) के अंतर्गत छह माह तक की सजा या पांच हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावध ाान है। इसके अलावा, सड़क सुरक्षा, शोर नियंत्रण और वायु प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर धारा 190 (2) के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें तीन माह तक की सजा, दस हजार रुपये तक का जुर्माना और ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन का प्रावध ाान है। साथ ही, ऐसे वाहनों के पंजीकरण प्रमाण पत्र (आरसी) को धारा 53 (1) के तहत निलंबित किया जा सकता है। परिवहन विभाग ने जनपद के सभी वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न या हूटर न लगाएं, अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




# मंत्री का तीखा हमला, महिला सम्मान पर घमासान

## – नारी शक्ति वंदन पर विपक्ष पर तीखा हमला

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रदेश सरकार में होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा व प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की मौजूदगी में उन्होंने संसद में नारी शक्ति के मुद्दे पर कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके के रुख को महिलाओं के सम्मान के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि 16 व 17 अप्रैल को संसद में पेश महत्वपूर्ण विधेयकों का विरोध कर इन दलों ने महिलाओं की आकांक्षाओं को ठेस पहुंचाई है। नारी शक्ति वंदन संशोधन विध ेयक को लेकर विपक्ष ने लटकाने, भटकाने और अटकाने की राजनीति की, जिसके चलते 17 अप्रैल को काला दिवस के रूप में देखा जाएगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया है कि नीति निर्माण में महिलाओं की भागीदारी उनका अधिकार है, उपकार नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष महिला सशक्तिकरण को केवल दिखावे तक सीमित रखता है, जबकि भाजपा इसे मिशन के रूप में आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद उसने ओबीसी वर्ग को उसका अधि ाकार नहीं दिया, जबकि एनडीए सरकार ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। सपा पर तुष्टिकरण की राजनीति




का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण संविधान में मान्य नहीं है। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि संसद में विधेयक के दौरान विपक्ष का व्यवहार लोकतंत्र और महिला सम्मान के लिए दुर्भाग्यपूर्ण रहा। उन्होंने कांग्रेस पर महिला आरक्षण के मुद्दे पर भ्रम फैलाने का आरोप भी लगाया और कहा कि भाजपा सरकार ने 33ः आरक्षण को आगे बढ़ाने के लिए संवैधानिक प्रक्रिया पूरी की। सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कन्या सुमंगला योजना, मातृवंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, शौचालय, आयुष्मान भारत, वृद्धावस्था पेंशन और एक जिला–एक उत्पाद जैसी योजनाओं को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में नए स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाएंगे और पहले से लगे मीटरों में यदि कोई खामी होगी तो उसका शीघ्र समाधान कराया जाएगा। वहीं पत्रकारों के उत्पीड़न के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हर मामले की निष्पक्ष जांच होगी। प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, जिला उपाध्यक्ष व महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, जिला मंत्री मधु तोमर, प्रीती दुबे, नीतू नारायण मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य एवं सह–मीडिया प्रभारी अंकित सैनी सहित अन्य पदाधि ाकारी मौजूद रहे।

# सिद्धपीठ बांके बिहारी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का तीसरा दिन

## – महान्यास व वेद पूजन में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर स्थित सिद्धपीठ बांके बिहारी मंदिर परिसर में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का मंगलवार को तीसरा दिन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान का महान्यास पूजन का कार्यक्रम विधि–विधान से सम्पन्न कराया गया। साथ ही वेद पूजन भी आयोजित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

पूजन कार्यक्रम के मुख्य जजमान के रूप में प्रदीप गर्ग, सुनीता गर्ग एवं शाश्वत गर्ग ने सभी अनुष्ठानों को विधिवत सम्पन्न कराया। आचार्य अल्प नारायण मिश्रा एवं आशीष दीक्षित के नेतृत्व में समस्त धार्मिक क्रियाएं पूर्ण हुईं, जिसमें सहयोगी विद्वानों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर हरिओम रस्तोगी, मोनू रस्तोगी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में अभिनव यादव, अमित शरण बॉबी, अमित सोनी, बबल सोनी, शालिनी, अभय गुप्ता, खुशी, सनी समेत अन्य श्रद्धालुओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। मंदिर परिसर में दिन भर भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा–अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित किया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

# जिले का छात्र चमका, जेईई मेन्स में 97.53 परसेंटाइल

## – आरएस एक्सेल स्कूल में प्रधानाचार्य ने छात्र का कराया मुंह मीठा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित आईआईटी जेईई (मेन्स) 2026 के परिणाम में जनपद के होनहार छात्र रूद्रशंकर गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 97.53 परसेंटाइल हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे जिले में खुशी की लहर है। रूद्रशंकर गुप्ता आरएस एक्सेल इंग्लिश एकेडमी के कक्षा 12 (सत्र 2025–26) के छात्र हैं। उन्होंने बोर्ड परीक्षा की तैयारी के साथ–साथ प्रतियोगी परीक्षा में भी बेहतरीन संतुलन बनाते हुए यह सफलता अर्जित की। विषयवार प्रदर्शन में उन्होंने फिजिक्स में 97.43 परसेंटाइल, केमिस्ट्री में 96.55 परसेंटाइल तथा मैथ्स में 94.67 परसेंटाइल प्राप्त किए। रूद्रशंकर के पिता रमाशंकर गुप्ता एवं माता पूनम गुप्ता ने बेटे की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और अनुशासन का ही यह परिणाम है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक मयूर गुप्ता ने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे छात्र बोर्ड परीक्षा के साथ–साथ जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफलता प्राप्त कर सकें। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने रूद्रशंकर और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता अन्य छात्रों के लिए




प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को बोर्ड के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर विद्यालय की सिविल लाइन शाखा की प्रधानाचार्या वीना श्रीवास्तव, संरक्षक अमित श्रीवास्तव सहित फिजिक्स विशेषज्ञ रिषभ त्रिपाठी, केमिस्ट्री विशेषज्ञ अरविंद पांडेय, मैथ्स विशेषज्ञ राजेश मिश्रा और बायो विशेषज्ञ डॉ. संदीप शुक्ला समेत समस्त स्टाफ ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सीएम माटीकला रोजगार योजना में जिले को मिली चार इकाईयां

## – अनुभवी कारीगर व उद्यमी ऋण पाने के लिए करें आनलाइन आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड की संचालित मुख्यमंत्री माटीकला रोज़गार योजना के अन्तर्गत माटीकला एवं माटी शिल्पकला के पैतृक कारीगर कुम्हार, प्रजापति समाज एवं अन्य अनुभवी कारीगर जानकार उद्यमियों व शिल्पियों को बैंको से वित्तपोषित कराने हेतु जनपद को वित्तीय वर्ष 2026–27 में चार इकाईयों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें दस लाख रूपए तक का ऋण बैंको के माध्यम से दिलाये जाने का प्राविधान है। कुल प्रोजेक्ट लागत में पांच प्रतिशत अशंदान स्वंय उद्यमी को वहन करना होगा। बैंक द्वारा वितरित पूंजीगत ऋण पर स्वंय का अशंदान छोड़कर शेष धनराशि पर 25 प्रतिशत का अनुदान विभाग द्वारा देय होगा। उद्यमी द्वारा लिए गये ऋण का ब्याज बैंक को नियमानुसार देय होगा। लाभार्थी आवेदन वेवसाईट की ई पोर्टल पर आनलाइन कर सकते है। आधार कार्ड, राशन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, ग्रामीण क्षेत्र से सम्बन्धित प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, शैक्षिक योग्यता, अनुभव प्रमाण पत्र यदि कोई हो तो आनलाइन लाभार्थी को फीड व अपलोड करना होगा। आवेदन पत्र की हार्ड कापी व प्रिन्ट आउट निकालते हुए समस्त संलग्नको को स्वप्रमाणित करते हुए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय 77/274 बी सिविल लाईन एलआईसी बिल्डिंग के सामने कार्यालय में जमा कर सकते हैं। किसी भी दशा में मैनुअल रूप से भर हुआ आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा।

# पत्रकार के समर्थन में किसान यूनियन का प्रदर्शन

### – फर्जी मुकदमे के विरोध में एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिले में एक पत्रकार पर दर्ज कथित फर्जी अनुसूचित जाति/जनजाति मुकदमे के विरोध में किसान यूनियन खुलकर मैदान में उतर आई है। भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के जिलाध्यक्ष संजेश कुमार के नेतृत्व में पदाधिकारियों व पत्रकारों



ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि पत्रकार असित यादव सनी ने एक जनहित मुद्दे.मंदिर में प्रकाश व्यवस्था.को उठाया था, जिसके बाद उन्हें साजिश के तहत झूठे मुकदमे में फंसाया गया। आरोप है कि 17 तारीख को उन्हें मिलने के लिए बुलाया गया, लेकिन जब वे निर्धारित स्थान पर पहुंचे तो वहां कोई मौजूद नहीं था और कुछ ही समय में वह वापस लौट आए। इस पूरे घटनाक्रम का .श्य रिकॉर्ड उपलब्ध होने का दावा भी किया गया है। इसके बावजूद पत्रकार पर जातिसूचक शब्द कहने और जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए, जिन्हें पूरी तरह निराधार बताया गया है। किसान यूनियन व पत्रकारों ने मांग की कि फर्जी मुकदमा तुरंत निरस्त किया जाए, उपलब्ध साक्ष्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा इस मामले में साजिश रचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। साथ ही संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल हटाने की भी मांग उठाई गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के पदाधिकारी व कई पत्रकार मौजूद रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

# चोरी की बाइक व अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना सैफई पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध चाकू के साथ एक अभियुक्त को गिरतार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल को डा० शुभम केशरी निवासी



यूपीयूएमएस सैफई ने थाना सैफई में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी मोटरसाइकिल संख्या यूपी–53सीएस/6487 अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है। इस संबंध में थाना सैफई पर मु0अ0सं0 57/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस टीम द्वारा सैफई–करहल मार्ग पर गीजा तिराहे के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई, जिसके पास से बिना नंबर प्लेट की चोरी की मोटरसाइकिल और एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शाहरुख उर्फ अनस पुत्र इसरार अली निवासी नगला रते, थाना करहल, जनपद मैनपुरी बताया। पुलिस ने उसे तत्काल गिरतार कर लिया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 303(2), 317(2) बीएनएस तथा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई है। पुलिस के अनुसार, गिरतार अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ सैफई व करहल थानों में कई मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह राठी, उपनिरीक्षक आशीष कुमार सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# पीतांबरा माईजी के प्रकाट्योत्सव पर हुआ प्रसादी वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बैशाख शुक्ल चतुर्थी के पावन अवसर पर मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री पीताम्बरा पीठ दतिया में माई के प्रकाट्योत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया



गया। इसी क्रम में शहर में भी श्री पीताम्बरा पीठ दतिया मित्र मण्डल द्वारा परम्परागत रूप से प्रसादी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मित्र मंडल द्वारा यह सेवा कार्य वर्षों से निरंतर किया जाता रहा है, जो श्रद्धा और सेवा भावना का प्रतीक है। कार्यक्रम का आयोजन आईटीआई रोड स्थित विवेक इम्पोरियम अनिल विधायक गेट के सामने किया गया। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं आमजन उपस्थित हुए। प्रसादी वितरण के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहा और लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मित्र मंडल के सेवकों ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष माई के प्रकाट्योत्सव के अवसर पर किया जाता है। जिसका उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ–साथ समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी सदस्यों एवं सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

# सांसद नरेश उत्तम के आवास पर हंगामे के विरोध में उतरा संस्थान

## - कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचित सांसद नरेश उत्तम पटेल के कानपुर नगर स्थित निजी आवास पर कथित तौर पर भाजपा महिला विंग की कार्यकर्ताओं द्वारा हंगामा और अभद्रता किए जाने के मामले को लेकर पटेल सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में घटना की त्वरित जांच कराकर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। बताते चलें कि जिले के सांसद नरेश उत्तम पटेल के कानपुर दामोदर नगर स्थित आवास पर उनकी अनुपस्थिति में भाजपा महिला विंग की करीब दो दर्जन महिलाओं का समूह पहुंचा। उस समय घर पर उनकी पत्नी मौजूद थीं। आरोप है कि कार्यकर्ताओं ने गेट पर अभद्र व्यवहार करते हुए गाली–गलौज की और घर पर लगे महापुरुषों के पोस्टर व बैनर फाड़ दिए। इतना ही नहीं, सांसद के नाम पट्ट (नेम प्लेट) के साथ भी कथित रूप से जूते–चप्पलों



से अभद्रता की गई और आपत्तिजनक नारे लगाए गए। इस घटना को लेकर विभिन्न संगठनों ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक सौहार्द पर आघात बताया है। इसी मामले को लेकर पटेल सेवा संस्थान के अध्यक्ष केपी सिंह एडवोकेट व सचिव धर्मेन्द्र उत्तम की अगुवई में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। संस्था का कहना है कि यह .त्य समाज में विभाजन और वैमनस्य को बढ़ावा देने वाला है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। संस्थान ने राष्ट्रपति से घटना की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच की मांग की है। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की गई है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। इस मौके पर सुनील उमराव एडवोकेट, अभिषेक उत्तम, देवप्रकाश उमराव एडवोकेट, फैजान अहमद मून एडवोकेट, रामनरेश पटेल एडवोकेट, डा0 रामकेश सचान, जगनायक सचान एडवोकेट, अनुज सचान, जय सिंह पटेल, पुनीत उत्तम, राजू कर्मी, दीपांशु पटेल, प्रमोद पटेल आदि मौजूद रहे।

# अलग-अलग सड़क हादसों में आधा दर्जन से अधिक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत बीते चौबीस घंटो के अंतराल हुए सड़क हादसों में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के पांभीपुर भखरना निवासी अरूण कुमार तिवारी का 28 वर्षीय पुत्र अनूप तिवारी बाइक से किसी काम से जा रहा था। जब वह हरदों के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। जिससे वह घायल हो गया। इसी प्रकार खागा कस्बा निवासी ननकू प्रसाद का 22 वर्षीय पुत्र अजय बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। जब वह किशनपुर थाना क्षेत्र के नरैनी के समीप पहुंची तभी सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई जिससे वह घायल हो गया। इसी प्रकार राधानगर थाना क्षेत्र के जखनी गांव निवासी स्व0 रामचरण का 64 वर्षीय पुत्र मेवालाल सोमवार की शाम बाइक से सामान लेने जा रहा था जब वह मलवां थाने के सहिली के समीप पहुंचा तभी सड़क पार कर रहे बंदर से बाइक टकरा गई जिससे वह घायल हो गया। उधर थरियांव थाना क्षेत्र के जयचंदापुर गांव निवासी घनश्याम का 30 वर्षीय पुत्र सोनू अपने साले महेन्द्र पुत्र महिपाल 28 वर्ष निवासी जैदपुर के साथ बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था तभी असोथर थाना क्षेत्र के मटिहा के समीप बाइक से भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों घायल हो गए। उधर सदर कोतवाली क्षेत्र के चक बिसौली गांव निवासी मेवालाल का 22 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार अपने साथी शिवचन्द्र पुत्र मेवालाल 30 वर्ष के साथ ई–रिक्शा से शहर आ रहे थे। तभी राधानगर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गेस्ट हाउस के पास चार पहिया ने ई–रिक्शा में टक्कर मार दिया जिससे दोनों घायल हो गए। इसी तरह हुसैनगंज थाना क्षेत्र के रारा गावं निवासी बड़कू का 35 वर्षीय पुत्र दयाशंकर बाइक से शहर किसी काम से आ रहा था, जब वह पत्थरकटा चौराहा के समीप पहुंचा तभी चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# दिव्यांगजनों के लिए लगेंगे विशेष शिविर, तिथियां घोषित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इन शिविरों में दिव्यांग पेंशन, .त्रिम अंग एवं सहायक उपकरण, दुकान निर्माण/संचालन, दिव्यांग शादी–विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार, शल्य चिकित्सा, राज्य निधि योजना तथा यूडीआईडी कार्ड पंजीकरण जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए आवेदन और चिन्हांकन किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि यह अभियान जनपद के विभिन्न विकास खंडों और तहसीलों में चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक दिव्यांगजन लाभान्वित हो सकें। 28 अप्रैल को तेलियानी, 29 को हंसवा, 30 अप्रैल असोथर, 05 मई बहुआ, 06 मई मलवां, 07 मई भिटौरा, 08 मई देवमई, 12 मई अमौली, 13 मई खजुहा, 14 मई हथगाम, 15 मई ऐरायां, 19 मई विजयीपुर, 20 मई धाता के अलावा तहसील स्तर पर 21 मई को सदर, 22 मई को बिंदकी, 26 मई को खागा में शिविर लगेगा। प्रशासन ने अपील की है कि सभी दिव्यांगजन निर्धारित तिथियों पर अपने आवश्यक दस्तावेज दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, दिव्यांगता से संबंधित फोटो साथ लेकर शिविर में उपस्थित हों, ताकि मौके पर ही आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। यह पहल दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# 32 लाख के खोए मोबाइल मिले, चेहरों पर लौटी खुशी

## - सीसीटीएनएस टीम का सराहनीय कार्य, एसपी ने सौंपे मोबाइल



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले की पुलिस ने खोए हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी में बड़ी सफलता हासिल की। 210 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने लौटाए। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 32 लाख बताई जा रही है। पुलिस के इस सराहनीय कार्य से मोबाइल पाने वाले लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई की गई। जनपदीय सीसीटीएनएस टीम एवं सभी थानों की सीसीटीएनएस इकाइयों को गुमशुदा मोबाइलों की शीघ्र बरामदगी के निर्देश दिए गए थे। टीमों ने सतत मॉनीटरिंग और समन्वित प्रयासों के जरिए न केवल जनपद, बल्कि गैर–जनपदीय क्षेत्रों और अन्य राज्यों से भी मोबाइल फोन बरामद किए। मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। मोबाइल वापस पाकर लाभार्थियों ने पुलिस की तत्परता और प्रभावी कार्यशैली की खुलकर सराहना की। इस अभियान में मुख्य भूमिका जनपदीय सीसीटीएनएस टीम और सभी थानों की सीसीटीएनएस इकाइयों की रही, जिनके प्रयासों से यह सफलता संभव हो सकी।

### थानों के अनुसार बरामदगी

सदर कोतवाली– 15, मलवां– 09, हुसैनगंज–15, कोतवाली बिंदकी– 15, कल्याणपुर– 01, बकेवर– 08, जहानाबाद– 08, औंग– 07, खागा कोतवाली– 16, खखरेरू– 09, सुल्तानपुर घोष– 07, किशनपुर– 08, धाता– 03, थरियाव– 11, असोथर– 23, हथगांव– 17, राधानगर– 13, जाफरगंज– 02, गाजीपुर– 06, ललौली– 12, चांदपुर– 05।

# भीषण आग से बारह बीघे गेहूं की फसल राख

## – अग्निकाण्ड से किसानों को हुआ भारी नुकसान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी तहसील के अंतर्गत कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गुगौली गांव में मंगलवार को अचानक भीषण आग लगने से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते करीब बारह बीघे



फसल राख में तब्दील हो गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। जानकारी के अनुसार आग की चपेट में आने से गांव के अतुल सिंह, राजेश सिंह, सुनील सिंह, जितेन्द्र सिंह और टिंकू सिंह की पूरी फसल बर्बाद हो गई। घटना के समय खेतों में मौजूद ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के कारण स्थिति पर काबू पाना मुश्किल हो गया। घटना की सूचना गांव के शनि सिंह द्वारा तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुमित देव पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को बुलाया गया। दमकल टीम की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। प्राथमिक तौर पर शॉर्ट सर्किट या किसी लापरवाही की आशंका जताई जा रही है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद गांव में अफरा–तफरी का माहौल रहा। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की है, ताकि उनकी आर्थिक क्षति की भरपाई हो सके। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है और नुकसान का आकलन कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस सख्त, स्कूली वाहनों की हुई चेकिंग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से मंगलवार को व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में संचालित किया गया। अभियान के तहत प्रभारी



यातायात निरीक्षक के नेतृत्व में सेंट जॉन्स स्कूल जेल के निकट एवं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डाक बंगला के पास के आसपास स्कूली वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान वाहनों के आवश्यक दस्तावेज, फिटनेस, परमिट तथा अन्य सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई। चेकिंग के दौरान स्कूल प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी वाहन पूर्ण रूप से वैध एवं अद्यतन प्रपत्रों के साथ संचालित हों। साथ ही वाहन चालकों का नियमित सत्यापन, नेत्र परीक्षण तथा शराब पीकर वाहन चलाने की रोकथाम के लिए समय–समय पर जांच सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त, स्कूल परिसरों में ब्रेथ एनालाइज़र उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए, ताकि चालक की स्थिति की मौके पर ही जांच की जा सके और विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया कि इस तरह के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा सके।

# कांग्रेसियों ने स्वास्थ्य सेवाओं पर भ्रष्टाचार के मढ़े आरोप

## - कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा, जांच की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कांग्रेस पार्टी के महासचिव आनंद सिंह गौतम की अगुवई में कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मेडिकल स्टोर्स पर प्रतिबंधित कफ सिरप की अवैध बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है, जिससे आम जनता के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की मिलावटी और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री लाखों लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ है। इसके अलावा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में भी अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन के अनुसार, विकलांग प्रमाण पत्र जारी करने में फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। आरोप है कि संबंधित



लिपिक और कथित दलालों की मिलीभगत से पैसे लेकर प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं, जिससे पात्र लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला चिकित्सालय पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। कहा गया है कि वहां दलाल सक्रिय हैं, जो डॉक्टरों के इशारे पर मरीजों को परेशान करते हैं। साथ ही अस्पताल में उपलब्ध सरकारी दवाओं को बाहर के मेडिकल स्टोर्स पर बेचे जाने की भी बात कही गई है। कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक समिति का गठन किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी कार्यकर्ता आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर औसाफ अहमद, आनंद सिंह गौतम, पं0 रामनरेश महाराज, अरूण कुमार सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# बाइक की टक्कर से बालिका की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम अंदौली रोड में मंगलवार की सुबह मामा के घर से वापस जा रहे छह वर्षीय बालिका को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के देवमई गांव निवासी सोनू साहू की पुत्री आंचल साहू अपनी मां संगीता देवी के साथ ननिहाल अंदौली अपने बीमार नाना को देखने आई थी। बताते हैं कि सुबह मां–बेटी गांव जाने के लिए अंदौली रोड पर खड़े थे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार जितेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 विजय बहादुर निवासी पथरकुआं थाना बमीठा जिला छतरपुर ने टक्कर मार दिया जिससे दोनों घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।


## सूबेदारगंज-मेरठ संगम एक्सप्रेस का गुलावठी स्टेशन पर प्रयोगात्मक ठहराव

रेल प्रशासन द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 14163/14164 सूबेदारगंज-मेरठ संगम एक्सप्रेस रेलगाड़ी का **गुलावठी स्टेशन** पर प्रयोगात्मक ठहराव प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| गाड़ी संख्या 14164 मेरठ नगर-सूबेदारगंज संगम एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि 24.04.2026 | | स्टेशन | गाड़ी संख्या 14163 सूबेदारगंज-मेरठ नगर संगम एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि 24.04.2026 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| 19:33 | 19:43 | हापुड़ | 05:27 | 05:37 |
| **20:05** | **20:07** | **गुलावठी** | **04:51** | **04:53** |
| 20:35 | 20:40 | बुलंदशहर | 04:28 | 04:33 |

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी में सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 875/26(D)


स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )